ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● श्रावण कृष्ण पक्ष 02 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 05 जुलाई 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 152 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

'फैमिली मैन 3' की शूटिंग का इंतजार कर ... पेज 12 पर



# भाजपा ने झारखंड सहित 4 राज्यों में नये प्रदेश अध्यक्षों के नाम का किया ऐलान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। उन्हें दीपक प्रकाश की जगह पर झारखंड की कमान सौंपी गयी है। मिशन 2024 को लेकर भाजपा ने झारखंड में बड़ा बदलाव किया है। पार्टी ने बाबूलाल मरांडी को भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी सौंपकर पार्टी ने जता दिया है कि अगले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को उनके संगठन कौशल पर ही भरोसा है। इसके साथ ही राज्य में लंबे समय से अध्यक्ष को लेकर चल रहे कयास पर विराम लग गया है।

2024 के लोकसभा चुनावों को देखते हुए बाबूलाल मरांडी को मिली ये जिम्मेदारी काफी अहम मानी जा रही है। बाबूलाल मरांडी झारखंड के वरिष्ठ नेता हैं। उनका जन्म जनवरी 1958 को गिरिडीह मे हुआ था। गिरिडीह कॉलेज से उन्होंने ग्रेजुएशन की डिग्री ली। उन्होंने एक साल तक प्राथमिक शिक्षक के रूप में काम किया। इसके बाद वो आरएसएस से जुड़े। साल 1983 में उन्हें संथाल परगना के विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री की जिम्मेदारी मिली।

**बाबूलाल मरांडी को मिली भाजपा की कमान**



**आदिवासियों को साधेगी बीजेपी**

बाबूलाल मरांडी आदिवासी समुदाय से आते हैं। आदिवासी समुदाय में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। राज्य में सबसे बड़ी आबादी आदिवासियों की है। बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर भाजपा आदिवासियों को साधने की फिराक में है। ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

## बाबूलाल क्यों बनाये गये झारखंड भाजपा अध्यक्ष?

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

केन्द्रीय सत्ता व पार्टी के हुक्मरानों व पदाधिकारियों के कई दिनी फुटकर कई-कई घंटे वाली बैठक, मंत्रणा, भोजन पर चर्चा के बाद बीते सोमवार को प्रगति मैदान के कन्वेंशन सेंटर में मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ 5 घंटे की बैठक हुई। उसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने चार राज्यों-पंजाब, झारखंड आंध्र प्रदेश व तेलंगाना के प्रदेश अध्यक्षों को बदल दिया।और भी बदलाव होने हैं । केन्द्रीय मंत्रिमंडल में भी कुछ को निकालने, कुछ नये को लाने की गुणा गणित चल रही है। इसे आगामी लोकसभा व विधान सभा चुनावों के मद्देनजर किया जाने वाली रणनीतिक बदलाव बताया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री रहे बलराम जाखड़ के बेटे सुनील जाखड़ जो खुद भी कांग्रेस में थे, उनको भाजपा में लाकर पंजाब का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। ताकि वह जमीनी स्तर पर काम करके पार्टी को और मजबूत कर सकें। क्योंकि झामुमो नेता व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कई तरह की योजनाएं शुरू कर राज्य की जनता में पहले से स्थिति बेहतर कर ली है। उधर पंजाब की तरह आंध्र प्रदेश में भी कांग्रेस से भाजपा में लाकर पी पुरंदेश्वरी को राज्य भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया। पुरंदेश्वरी प्रख्यात तेलुगु अभिनेता व राज्य के मुख्यमंत्री रहे एनटीआर की बेटी हैं। पुरंदेश्वरी यूपीए सरकार में शिक्षा राज्य मंत्री थीं। इसी तरह से तेलंगाना में जी किशन रेड्डी को राज्य भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया है। राजेंद्र एटीला को चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## लोकसभा और विधानसभा चुनाव में परचम लहराने का लक्ष्य : बाबूलाल मरांडी

प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि अगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा का परचम लहराने का लक्ष्य उनके सामने है। उन्होंने कहा कि मां भारती की सेवा और झारखंड का संपूर्ण विकास उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आगे के राजनीतिक सफर में झारखंड भाजपा के सभी नेताओं, जनप्रतिनिधि खासकर पार्टी की रीढ़ कार्यकर्ताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर भाजपा के हाथों को मजबूत करने का संकल्प उन्होंने लिया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों को जेल



**रांची।** ईडी ने निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और ताराचंद्र से आठ दिनों के पूछताछ के बाद मंगलवार को कोर्ट में प्रस्तुत किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। रिमांड की अवधि पूरी होने पर इन तीनों की पेशी हुई। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने 26 जून को ईडी ने वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया एवं ताराचंद को गिरफ्तार करने के बाद ईडी कोर्ट में पेश किया था।

### हाईकोर्ट ने राहुल गांधी को सशरीर हाजिर होने से दी छूट



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट में मंगलवार को मोदी सरनेम को लेकर मानहानि से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने एमएलए-एमपी कोर्ट की ओर से उनकी याचिका खारिज किए जाने को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने राहुल गांधी को हाजिर होने से छूट दे दी है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 16 अगस्त निर्धारित की है।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी संतोष यादव को मिली जमानत



**मेदिनीनगर।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मंगलवार को साइबर फ्रॉड कर उससे अर्जित की गई राशि का मनी लॉन्ड्रिंग करने के मामले में आरोपित संतोष यादव को 50 हजार रुपये के दो निजी मुचलके पर जमानत प्रदान कर दी है। सोमवार को कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई थी, जिसके बाद आज कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। बता दें कि संतोष यादव के पास से पुलिस ने 15 लाख की राशि बरामद की थी। मामले को लेकर देवघर मधुपुर थाना में कांड संख्या 351/2017 दर्ज किया गया था। उस पर साइबर क्राइम मामले में मामला दर्ज किया गया है। बाद में ईडी ने भी मामले में ईसीआईआर 6-2022 दर्ज किया था। ईडी कोर्ट ने संतोष यादव को जमानत देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उसकी ओर से जमानत के लिए हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी।

## इंदिरा आवास योजनाओं में अनियमितता मामले को लेकर बोले सीएम

# दोषियों पर करें कार्रवाई



### प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य हैं गबन के आरोपी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने इंदिरा आवास योजनाओं में सरकारी राशि गबन करने वाले अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मंजूरी दे दी है। गिरिडीह के धनवार प्रखंड के तत्कालीन बीडीओ मोहन लाल मरांडी समेत अन्य के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति का आदेश दिया है। इनके खिलाफ अनियमितता एवं सरकारी राशि गबन करने के आरोप हैं। गिरिडीह जिला अन्तर्गत धनवार थाना कांड संख्या-190/2012 दिनांक 21 जुलाई, 2012 के अभियुक्त मोहन लाल मरांडी, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी धनवार प्रखंड के विरुद्ध भारतीय दंड विधान, 1860 की धारा 406/409/420/467/468/471 /120 बी के तहत अभियोजन की स्वीकृति दी है।

**यह है मामला :** जांच प्रतिवेदन एवं कांड में अब तक के अनुसंधान से सभी अभियुक्तों द्वारा षड़यंत्र के तहत इंदिरा आवास से संबंधित कई गंभीर त्रुटियां एवं विभागीय दिशा-निर्देशों की अवहेलना पाई गई। जैसे- इंदिरा आवास के आवंटन एवं उसके भुगतान में प्रखंड कार्यालय में ही एक सुगठित गिरोह का कार्यरत होना, जो गरीब लोगों के नाम पर स्वीकृत इंदिरा आवास योजनाओं की राशि का गबन सुनियोजित ढंग से कर रहे थे। इस क्रम में विभागीय दिशा-निर्देशों की अनदेखी एवं अवहेलना की गयी ताकि सरकारी राशि का गबन किया जा सके। जानबूझ कर अकाउंट पेई चेकों को बीयरर चेक बनाते हुए बिचौलिया उक्त राशि की निकासी अपने सुविधानुसार कर रहे थे तथा इंदिरा आवास योजना मार्गदर्शिका का अनुपालन नहीं किया गया। इस कांड में तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहन लाल मरांडी एवं अन्य कर्मचारियों की संलिप्तता पाई गई। इस प्रकार अभियुक्तों के विरुद्ध अनियमितता एवं कथित सरकारी राशि के गबन इत्यादि करने के आरोप है।

### सीएम आज झारखंड को 206 नयी एंबुलेंस को दिखाएंगे हरी झंडी

**मुख्यमंत्री** आज राज्य को 206 नयी एंबुलेंस की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी नयी योजनाओं का शुभारंभ और कई मोबाइल ऐप की लांचिंग करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नामकुम स्थित परिसर से मुख्यमंत्री हरी झंडी दिखाकर इन एंबुलेंस को रवाना करेंगे। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन नयी एंबुलेंस की खरीद करीब साल भर पहले ही हो चुकी थी। तब से अब तक ये स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय में खड़ी थीं। इन नयी एंबुलेंस का उपयोग जल्द शुरू करने की मांग बजट सत्र के दौरान विधानसभा में भी उठायी गयी थी।

### सीएम कल करेंगे राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद के साथ बैठक

**झारखंड** राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद की बैठक छह जुलाई को प्रोजेक्ट भवन सभागार में होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे। बैठक में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री, जल संसाधन मंत्री, कृषि मंत्री, मुख्य सचिव और विकास आयुक्त सहित कई विभागों के सचिव व सभी प्रमंडल के आयुक्त शामिल होंगे। यह बैठक लंबे समय से नहीं हुई थी। पिछली बार भी बैठक की तिथि रखी गयी थी, लेकिन उसे स्थगित करना पड़ा था। बैठक के लिए कई एजेंडा तैयार किये गये हैं। इसके तहत पिछली बैठक में लिये गये निर्णय और उसके अनुपालन की समीक्षा की जायेगी।

## हजारीबाग में कुएं में गिरी टाटा सूमो, छह की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग जिले के पदमा ओपी क्षेत्र स्थित रोमी गांव में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। फोरलेन सड़क किनारे सूर्यपुरा पैक्स के पास स्थित एक कुएं में टाटा सूमो के गिरने से उसमें सवार महिला और बच्ची सहित छह लोगों की मौत हो गई जबकि सूर्यपुरा पंचायत के मुखिया सहित चार लोग घायल हो गये। सभी घायलों को हजारीबाग रेफर किया गया है। बताया गया कि सभी लोग बिहार के दरभंगा से सत्संग में भाग लेकर गांव लौट रहे थे। इसी बीच रोमी गांव के पास हादसा हो गया। कुएं में सूमो कार के गिरने से ड्राइवर सूरज सिंह दीपुगढ़ा के अलावा ओम प्रकाश साव, परमेश्वर कुशवाहा, परमेश्वर कुशवाहा की पत्नी और सात साल की बेटी और गुंजन राणा की मौत हो गयी। सभी हजारीबाग के मंडईखुर्द गांव के रहने वाले थे। घायलों में सूर्यपुरा पंचायत के मुखिया सीताराम मेहता, मुकेश मेहता और उसकी मां सहित एक अन्य है।

## सुजीत सिन्हा गैंग का रिक्की खान रांची से हुआ गिरफ्तार

**एजेंसी। पलामू**

एनएच 98 कंस्ट्रक्शन कंपनी शिवालया की साइट पर फायरिंग करने के आरोपित सुजीत सिन्हा गैंग के जीशान शेख उर्फ रिक्की खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे रांची के कांके चौक से गिरफ्तार किया है। वह यहीं का रहने वाला है। उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को एसपी कार्यालय में बताया कि शिवालय कंस्ट्रक्शन के मालिक को फिरौती के लिए सुजीत सिन्हा के नाम से अंतरराष्ट्रीय नंबर से मैसेज आ रहा था, जिसमें फिरौती के लिए रकम न देने पर खून खराबा करने की बात कही गई थी। इस कांड के उद्भेदन के लिए उनके निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम गुप्त सूचना पर रांची के कांके चौक के रहने वाले जीशान शेख उर्फ रिक्की खान को पूछताछ के लिए थाने लाई। पुलिस की पूछताछ में जीशान ने बताया कि वह सुजीत सिन्हा के गिरोह के लिए काम करता है। उसने ही शिवालय कंस्ट्रक्शन के मालिक को फिरौती मांगने के लिए मैसेज करने के लिए बोला था। जीशान ने ही गोली चलाने के लिए शूटर को पैसे भेजे थे। पूछताछ में यह भी पता चला कि सुजीत सिन्हा एवं अमन साहू फिरौती वसूलने के लिए गिरोह के कुछ सदस्यों को विदेश में रखते हैं और फिरौती के लिए मैसेज करते हैं ताकि नंबर का पता न चल सके।

### अरघा से होगा जलाभिषेक, भक्तों के स्वागत के लिए तैयार बाबा नगरी

## पहले दिन लाखों कांवरियों ने उठाया जल

**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**

महादेव के प्रिय सावन महीने की शुरूआत मंगलवार को गयी। देवघर बाबा नगरी में भक्तों का उत्साह नजर आने लगा है। यहां कांवरियों की भीड़ दिखने लगी है। सुल्तानगंज में पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा तट पर एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। बाबा अजगैवीनाथ मंदिर में भी हजारों श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। कई प्रदेश के कांवरिया गंगा जल लेकर बाबाधाम जाने के लिए सुल्तानगंज पहुंचे हैं। केसरिया वस्त्र धारी शिव भक्तों और बोल बम के जयकारे से सुल्तानगंज का माहौल पूरी तरह बोल बम के रंग में रंग गया है। लगभग एक लाख



कांवरिया ने गंगा जल लेकर बाबाधाम को प्रस्थान किया। कांवरियों के स्वागत के लिए हर जगह अस्थायी दुकान खुल चुकी हैं। जिला प्रशासन ने कांवरियों की सुख-सुविधा के लिए कई इंतजाम किये हैं। हालांकि, आनन-फानन की व्यवस्था से ही कांवरियों को संतुष्ट रहना पड़ेगा। प्रशासन ने हर साल की तरह इस साल भी शौचालय, पेयजल, रोशनी, सफाई, ठहराव, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की व्यवस्था की है। अजगैवीनाथ मंदिर सज-धज कर तैयार है। कांवरियों का ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### दो पक्ष में सावन

सावन महीना का पहला पक्ष चार जुलाई से 16 जुलाई और दूसरा पक्ष 17 अगस्त से 31 अगस्त तक होगा। मलमास मेले में उत्तर-प्रदेश और मध्य प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहती है। यूपी के कांवरिए संगम घाट से जल लाकर लाकर बाबा को चढ़ाते हैं। इसलिए पिछले वर्ष की तुलना में इस बार दोगुना श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। कांवरियों की भीड़ को देखते हुए पंडा धर्मरक्षिणी सभा ने मलमास मेले में अरघा नहीं लगाने की मांग की है।

## जमीन मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपी को जेल

**रांची।** ईडी ने चेशायर होम रोड जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में गिरफ्तार राजेश राय और भरत प्रसाद को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने दोनों को जेल भेज दिया। कोर्ट में पेशी के बाद ईडी ने दोनों से पूछताछ को लेकर कोर्ट से पांच दिनों की रिमांड देने का आग्रह किया। कोर्ट ने रिमांड पर सुनवाई के लिए बुधवार की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने ईडी के आग्रह को देखते हुए दोनों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेजने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि ईडी ने दस्तावेज में जालसाजी कर चेशायर होम रोड स्थित जमीन की खरीद बिक्री मामले में दोनों को सोमवार को गिरफ्तार किया था।


### भारत में हमेशा से विविधताएं हैं और एकता के लिए एकरूपता नहीं

# क्या कहना था गुरु गोलवलकर का हिंदू कोड बिल व यूसीसी पर

**आरएनएम। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किए जाने की जरूरत बता रहे हैं। इसको लेकर बहस छिड़ गई है। लेकिन बहुतों को यह यह जानकर अचरज होगा कि संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर इसके विरूद्ध थे। उन्होंने अंग्रेजी अखबार मदरलैंड के संपादक केआर मलकानी से 23 अगस्त 1972 को दिल्ली में हुई बातचीत में समान नागरिक संहिता पर विस्तार से अपनी बात रखी थी। इसका ब्योरा श्री गुरुजी समग्र के नौवें खंड मिलता है, जो गोलवलकर के पत्रों, साक्षात्कारों और बातचीत का संकलन है।

गुरु गोलवलकर से केआर मलकानी सवाल करते हैं कि क्या आप राष्ट्रीय भावना को बढ़ाने के लिए समान नागरिक संहिता को आवश्यक नहीं मानते? इस पर गुरु गोलवलकर कहते हैं- मैं बिल्कुल नहीं



मानता। इससे आपको या बहुतों को आश्चर्य हो सकता है, परंतु मेरा मानना है कि जो सत्य मुझे दिखाई देता है वह मुझे कहना ही चाहिए। इस पर मलकानी पूछते हैं कि क्या आप नहीं मानते कि देश में एकरूपता जरूरी है? जवाब में गोलवलकर कहते हैं- समरसता और एकरूपता दो अलग-अलग बातें हैं। एकरूपता जरूरी नहीं है। भारत में हमेशा से विविधताएं हैं और एकता के लिए एकरूपता नहीं, बल्कि समरसता आवश्यक है।

संविधान में कहा गया है कि राज्य समान नागरिक संहिता के लिए प्रयत्न करेगा? इसके जवाब में गुरु गोलवलकर कहते हैं, यह ठीक है। ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### समान नागरिक संहिता पर एमएस गोलवलकर के विचार

**गोलवलकर** कहते हैं कि किसी वर्ग, जाति अथवा संप्रदाय द्वारा अपना अस्तित्व बनाए रखने से मेरा तब तक कोई झगड़ा नहीं है, जब तक इस प्रकार का अस्तित्व राष्ट्रभक्ति की भावना से दूर हटने का कारण नहीं बने। मेरे मत से कुछ लोग समान नागरिक संहिता की आवश्यकता इसलिए महसूस करते हैं कि उनके विचार में मुसलमानों को चार शादियां करने का अधिकार है ,और इसी के चलते उनकी आबादी में असंतुलित वृद्धि हो रही है। लेकिन मुझे डर है कि समस्या के प्रति सोचने का यह दृष्टिकोण ठीक नहीं है। वास्तविक समस्या तो यह है कि हिंदू और मुसलमानों के बीच भाईचारा नहीं है। धर्मनिरपेक्ष कहलाने वाले लोग भी मुसलमानों को अलग नजरिये से देखते हैं। गोलवलकर आगे कहते हैं कि जब तक मुसलमान इस देश को, यहां की संस्कृति से प्यार करते हैं उनका अपनी जीवन पद्धति के अनुसार चलना स्वागत योग्य है। मेरा निश्चित मत है कि मुसलमानों को राजनीति खेलने वालों ने खराब किया है। कांग्रेस है, जिसने केरल में मुस्लिम लीग को पुनर्जीवित कर देश भर में मुस्लिम सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिया। मलकानी, गोलवलकर से आग सवाल करते हैं, क्या इन्हीं तर्क के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता है कि हिंदू कोड बिल का निर्माण भी अनावश्यक और अवांछनीय था?

### मुस्लिमों में बहुविवाह पर गोलवलकर की राय

मलकानी पूछते हैं कि क्या मुस्लिम बहनों को पर्दे में बनाए रखना और बहुविवाह का शिकार होने देना योग्य है? इस पर गुरु गोलवलकर कहते हैं कि मुस्लिम प्रथाओं के प्रति आपकी आपत्ति यदि मानवीय कल्याण पर आधारित है तो यह उचित है। ऐसे मामलों में सुधारवादी दृष्टिकोण ठीक ही है। परंतु यांत्रिक ढंग से कानून के द्वारा सबको समान लाने का दृष्टिकोण रखना ठीक नहीं होगा। मुसलमान स्वयं ही अपने पुराने नियम-कानूनों में सुधार करें। यदि वे इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि बहुविवाह प्रथा उनके लिए ठीक नहीं है, तो मुझे प्रसन्नता होगी। लेकिन मेरा मानना है कि मैं अपना मत उन पर लादना नहीं चाहता।

## लैंडमाइंस लगाने के मामले में नक्सलियों के खिलाफ केस दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पिपरा थाना क्षेत्र के झरना पहाड़ के निकट पिपरा-छतरपुर रोड में सोमवार को प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के द्वारा लगाए गए दो लैंडमाइंस बरामद होने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पिपरा थाना के एसआई पिनियस मुंडा ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। प्राथमिकी में शीर्ष नक्सली संजय यादव उर्फ गोदराम, नीतीश यादव, रमन जी तथा राजेंद्र जी को नामजद अभियुक्त के अलावा छह अज्ञात माओवादियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस की ओर से चलाए जा रहे सर्च अभियान में उक्त स्थान से केन बम तथा एक सिलेंडर बम बरामद किया गया था, जिसे जगुआर के बम निरोधक दस्ता ने पहुंच कर डिफ्यूज कर दिया था। उपरोक्त इलाके में लैंडमाइंस का मिलना पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। प्रभारी थाना प्रभारी अभय आनंद ने बताया कि पूरे मामले में छानबीन की जा रही है और माओवादियों के संभावित क्षेत्र में उनके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

# अशोक सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश कार्यालय में अपने अंतिम कार्यदिवस पर भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने महगामा के समाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता अशोक सिंह को पार्टी में शामिल कराया। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दीपक प्रकाश ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। भाई भतीजे व परिवार के लिए सरकार चलायी जा रही है। परिवार के द्वारा खनिज संपदा की लूट मची है। गरीबों को घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है। दीपक प्रकाश ने कहा कि अशोक सिंह के आने से पार्टी मजबूत होगी। संथाल क्षेत्र में पार्टी का विस्तार तेजी से होगा। वहीं सदस्यता ग्रहण करने के बाद अशोक सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व में चल रही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। इस सदस्यता पर मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है। इससे पूर्व भाजपा प्रदेश कार्यालय के सभागार में अशोक कुमार सिंह व उनके समर्थकों को दीपक प्रकाश ने सभी को पार्टी का पट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया व सदस्यता ग्रहण कराया। इस दौरान प्रदेश के महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा उपस्थित रहें जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से मुखिया सुधीर प्रसाद सिंह, प्रो उमेश ठाकुर, वार्ड सदस्य बनारसी कामती, मुकेश मुसहर, सेवानिवृत शिक्षक यमुना प्रसाद सिंह, राजेंद्र चौबे, सोहन बसेरा, पप्पू राय, नाज़िर बैठा, सिकंदर हरिजन, कपिलदेव राय, सुनील यादव, राजेश सिंह, उप मुखिया गुड्डू पासवान, डॉ पी एन पोद्दार, किशन ताँति, सुबोध भगत, नीरज शर्मा, विनोद रॉय, प्यारे लाल पोद्दार समेत शामिल हैं।

## श्रावणी मेले को लेकर मुख्यमंत्री गंभीर नहीं : रघुवर

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा है कि श्रावणी मेले के आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर नहीं है। रघुवर दास ने कहा कि इस साल मेला 30 दिनों के बजाय 59 दिनों का होगा। इस मेले में दुनियाभर से देवाधिदेव महादेव के भक्त आते हैं। देवघर में एयरपोर्ट शुरू होने के बाद इनकी संख्या में वृद्धि होना स्वभाविक है। अंतरराष्ट्रीय स्तर का मेला होने के बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक भी बैठक नहीं की। इससे समझा जा सकता है कि मुख्यमंत्री इस मामले पर कितने गंभीर हैं। दास ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि बाबा बैद्यनाथ में लगनेवाले श्रावणी मेले से राज्य की छवि पूरी दुनिया में बनती-बिगड़ती है। जितनी बेहतर तैयारी होगी, उतना ही लोगों की सुविधा मिलेगी।

### जन सुविधा केन्द्र का किया गया शुभारंभ

# नागरिकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हरमू बाजार में कैलिबर टू डिजिटल स्टोर द्वारा संचालित प्रज्ञा केंद्र (जन सुविधा केन्द्र) का शुभारंभ मंगलवार को किया गया।

प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य अरुण कुमार झा (पूर्व पार्षद) ने किया। इस मौके पर श्री झा ने कहा कि हरमू बाजार में जनसुविधा केन्द्र की कमी महसूस की जा रही थी। व्यवसायी उपेन्द्र कुमार ने नागरिकों की इस समस्या को देखते हुए यहां पर जनसुविधा केन्द्र खोला है। यह सराहनीय कदम है। मौके पर प्रज्ञा केंद्र के संचालक उपेन्द्र कुमार ने कहा कि यहां लोगों को किफायती दर पर विभिन्न आवश्यक सेवाएं उपलब्ध होगी। मोबाइल एवं डीटीएच रिचार्ज, मनी ट्रांसफर, इंश्योरेंस सेवाएं, रेलवे टिकट, हवाई टिकट, पासपोर्ट, ट्रेड लाइसेंस, आयुष्मान योजना, हिंदी व अंग्रेजी टाइपिंग, फोटोकॉपी, लेमिनेशन, आधार भुगतान, क्रेडिट कार्ड सहित अन्य आवश्यक सेवाएं किकायती दर पर उपलब्ध होगी। इस अवसर पर संजय शर्मा, गोपाल सोनी, जीवन विश्वकर्मा, संजय सिन्हा, राधेश्याम चौबे, आरके सिंह, जनार्दन चक्रवर्ती, संजय कुमार, संदीप, गुड्डू सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## क्रिकेटर राबिन मिंज ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट की टीम के मुम्बई इंडियंस के लिए चयनित विकेट कीपर सह बल्लेबाज रॉबिन मिंज ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि मुंबई इंडियंस के द्वारा उन्हें यूनाइटेड किंगडम (यूके) में होने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण (अभ्यास) शिविर के लिए बुलावा आया है। मुख्यमंत्री ने मूल रूप से गुमला के रायडीह प्रखंड के एक छोटे से गांव सिलम पांदनटोली से आने वाले प्रतिभावान क्रिकेटर रॉबिन मिंज को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही उम्मीद जताई कि वे बेहतर खेल से क्रिकेट की दुनिया में एक अलग मुकाम हासिल करेंगे और झारखंड सहित देश का नाम रोशन करेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में राजधानी रांची के नामकुम, नया टोली में रह रहे रॉबिन मिंज झारखंड के पहले आदिवासी क्रिकेटर हैं, जिनका चयन आईपीएल क्रिकेट के लिए हुआ है।

# सावन के पहले दिन शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में श्रावणी मेला महोत्सव के पहले दिन मंगलवार को बोलबम ताड़क बम के जय घोष के साथ महादानी मंदिर में पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बेड़ो के महादानी मंदिर के अलावा प्रखंड के अन्य गांव के शिवालयों में भी श्रावण मास के पहले दिन श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना की। जहां महादानी मंदिर के मुख्य पुजारी मेघनाथ गिरी और अशोक पंडा के नेतृत्व में बाबा भोलेनाथ में वैदिक मंत्रोचार के साथ श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। जहां श्रावण मास के पहले दिन मंदिर के अंदर प्रवेश कर श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। पुजारी अशोक पंडा ने बताया कि बेड़ो समेत प्रखंड के अन्य गांव के श्रद्धालु श्रावण मास में महादानी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किए। इसके अलावा बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में पूरे श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार पूजा अर्चना की जाएगी। जहां श्रावण मास के पहले दिन मंगलवार को बेड़ो निवासी विदेशी प्रसाद के द्वारा भोलेनाथ महादानी बाबा का भव्य श्रृंगार पूजा अर्चना किया गया। वही पूजा-अर्चना के पूर्व श्रद्धालुओं ने भक्ति भजन कीर्तन में भी भाग लिया। इधर श्रृंगार पूजा अर्चना के बाद श्रृंगार पूजा में शामिल हुए श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## रांची में फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लूटपाट का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**रांची।** चान्हो थाना पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लूटपाट मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटे गए सैमसंग कंपनी का टैब, 20 हजार नकदी, फाइनेंस कंपनी का पहचान पत्र, फाइनेंस कंपनी का 27 पीस कैश मेमो, अनिल कंपनी का संजीदा खातून के नाम का पासबुक और घटना में प्रयोग किया गया बाइक बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में अधनु पाहन, विजय उरांव और दीपक ठाकुर शामिल हैं। आरोपितों ने चान्हो थाना क्षेत्र के हर्रा एवं लेपसर गांव के समीप बंद पड़े ईट भट्ठा के पास भारत फाइनेंस कंपनी की मांडल शाखा के कलेक्शन बॉय से 30 जून को डेढ़ लाख रुपये लूट लिया था। एसपी ने बताया कि खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी के नेतृत्व में गठित टीम ने दीपक ठाकुर को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की।

### अनगड़ा प्रखंड कांग्रेस का जनसम्मेलन आयोजित

# झारखंड में 2024 में कांग्रेस की लहर रहेगी : सुबोधकांत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अनगड़ा प्रखंड कांग्रेस के जन सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुबोध कांत सहाय ने कहा कि 2024 में झारखंड में कांग्रेस की लहर रहेगी। जिसका संकेत अभी से ही देखने को मिल रहा है। जगह-जगह लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस की जनसभाओं में अच्छी खासी भीड़ उपस्थित हो रही है। मंगलवार को अनगड़ा प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण मुंडा ने की। संचालन मुन्ना मुंडा ने किया। इनके अलावा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव बैलस तिर्की उपस्थित थे। सोमनाथ मुंडा कांके प्रखंड के प्रमुख के अलावा महिला कांग्रेस की मंजू एक्का, सरिता देवी युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विशाल, शमशाद अंसारी, शनीचर पाहन, विश्वनाथन मुंडा, जगन लिंडा सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे। समारोह में विशेष रूप से राकेश किरण कांग्रेस जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सम्मान समारोह आयोजित

# शिक्षा विकास का ज्योति पुंज है : ऋषि नाथ शाहदेव



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
गुरु व शिक्षा विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक व पथ प्रदर्शक हैं। गुरु व शिक्षा के बगैर विद्यार्थियों का समग्र विकास असंभव है। यह बातें हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष लाल ऋषि नाथ शाहदेव ने कहीं। वे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो में मंगलवार को आयोजित गुरु पूर्णिमा व प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने संयुक्त रूप से दीप जलाकर समारोह का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर ग्रामीण क्षेत्रों में विद्या की ज्योति जला रही है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण होना क्षेत्र के लिये गर्व की बात है। साथ ही उन्होंने समारोह में झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा 2023 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण सभी छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार रॉय ने कहा कि शिक्षा व संस्कार से विद्यार्थियों का जीवन सफल होता है। वहीं हिंदू जागरण मंच झारखंड के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार रॉय ने कहा कि सभी भैया बहनों का प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना ना केवल इनकी मेहनत बल्कि सभी आचार्यों का योगदानों का प्रतिफल है।

## खूंटी के आम्रेश्वर धाम में श्रावणी मेले का उद्घाटन

**खूंटी।** उपायुक्त शशि रंजन और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने मंगलवार को बाबा आम्रेश्वर धाम परिसर में दो महीने तक लगने वाले श्रावणी मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान डीसी और एसपी ने मुख्य मंदिर में भोले शंकर की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। उपायुक्त ने सभी को पावन श्रावण मास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रावणी मेले में दूर दराज से श्रद्धालु आम्रेश्वर धाम पहुंचते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि परिसर में यात्री शेड, सीसीटीवी और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया गया। साथ ही साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा। साथ ही खोया पाया केंद्र को क्रियाशील बनाया गया है। उपायुक्त ने बताया कि श्रद्धालुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अंगराबारी स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को पर्याप्त चिकित्सकीय सुविधा के साथ 24 घंटे क्रियाशील बनाया गया है।

### घघारी बाबा धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा शिवालय



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
सावन महीने के पहले दिन लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम, कातिंगकेला के गलगली बाबा धाम और पबीरा के बाबा वनखंडी धाम में श्रावणी मेला का शुभारंभ किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने घघारी बाबा धाम समेत विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक किया और विधिवत पूजा अर्चना की। श्रावणी मेले के पहले दिन शिवालयों में हर हर महादेव, बोल बम ताड़क बम, भोला बाबा पार करेगा जैसा उद्घोष करते हुए श्रद्धालुओं ने भोले बाबा का दर्शन किया और विधिवत पूजा अर्चना की। लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत अंतर्गत घघारी बाबा धाम में पुजारी तुलसीदास गोस्वामी, अजय दास गोस्वामी, मार्कंडेय दास गोस्वामी, किस्टो दास गोस्वामी, मंदिर के प्रबंधक तीर्थनाथ सिंह तथा समाजसेवी सुनील उरांव ने श्रद्धालुओं को विधिवत पूजा-अर्चना कराई और विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अहम भूमिका निभाई। वहीं दूसरी ओर बोकरन्दा पंचायत के सुदूरवर्ती पबीरा पहाड़ के ऊपर समुद्र तल से 2226 फीट की ऊंचाई पर स्थित बाबा बनखंडी धाम की गुफा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना की। जबकि कातिंगकेला के गलगली बाबा धाम सहित दोलैचा, ककरिया, महुगांव, लालगंज सहित दर्जनों गांवों के शिवालयों में शिव भक्तों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। बाबा को बेलपत्र, विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों, फलों और गांजा भांग के साथ प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चना की। दोपहर के बाद भी हर हर महादेव, बोल बम जैसे जयकारे गूंजते रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर बाबूलाल को दी बधाई



**सिल्ली।** राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष एवं सिल्ली विधानसभा के युवा नेता विनय महतो धीरज ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री महतो ने बधाई देते हुए कहा कि पार्टी ने एक कुशल संगठनकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।बाबूलाल मरांडी जी का लंबे समय का राजनीतिक अनुभव रहा है एवं उनके राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी के कार्यकताओं को अवश्य मिलेगा और झारखंड भाजपा संगठनात्मक रूप से और सुदृढ़ होगी।कार्यकर्ता एक नई ऊर्जा के साथ मजबूती से कार्य करेंगे।

## ग्रामीणों ने जल मीनार का गुणवत्ता पूर्ण कार्य को लेकर संवेदक को आन्दोलन की दी चेतावनी



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग परिसर में केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा करीब 7 करोड रुपए की लागत से जल मीनार बनना है और इसकी तैयारी भी चल रही है। लेकिन 7 करोड़ से बनने वाले जल मीनार से पूर्व ही संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग का पोल खोल रही है। जल मीनार बनने के पूर्व छड़ बाइंडिंग और छड़ को सीधा करने के लिए मजबूत थम बनाया गया था। लेकिन एक छड़ को ही सीधा करने में छठ वाइंडिंग के लिए बना थम का ढलाई दो हिस्सों में बट गया। इधर छड़ वाइंडिंग के थम के ढलाई टूट जाने से 7 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले जल मीनार को लेकर ग्रामीण चिंतित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जल मीनार बनने से पहले छड़ सीधा किया जा रहा है जिसमें भारी अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक जल मीनार का काम गुणवत्ता पूर्ण कराएं अन्यथा घटिया सामग्री का उपयोग करने पर ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को तैयार है।

## बेड़ो के ईटाचिल्द्री में वज्रपात से बुजुर्ग की हुई मौत



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ईटाचिल्द्री में मंगलवार की शाम करीब 5:00 बजे जोरदार बारिश के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना में मृतक की पहचान लगभग 65 वर्षीय शनि उरांव पिता हिंदू उरांव के रूप में हुई है। इधर घटना के बाद घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया पति बुधराम बाड़ा घटनास्थल पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी। इसके बाद थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेमरोम के नेतृत्व में पुलिस ने वज्रपात की चपेट में मृतक शनि उरांव के शव का पंचनामा करते हुए अपने कब्जे में लेकर बेड़ो थाना ले आई। इधर घटना के बाद मृतक शनि उरांव की पत्नी झेबला उरांव, पुत्र सोमा उरांव पुत्र वधू गेंदों उरांव व दो नाती और एक नतनी समेत पूरे परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। इधर घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार शनि उरांव अपने खेत बारी में गया हुआ था। वही जोरदार वज्रपात के साथ बारिश के आने से शनि उरांव खेत बारी से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान ईटा चिल्द्री स्थित बोदया टिकरा के समीप वज्रपात की चपेट में आने से शनि उरांव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना के बाद पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधा और वज्रपात से मिलने वाले मुआवजा राशि दिलाने का आश्वासन पीड़ित परिवार को दिया।

### कार्यक्रम — मुख्य प्रोजेक्ट मैनेजर का विदाई समारोह संपन्न

# 'कोरोना काल के योगदान को याद किया जायेगा'



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
रांची मंडल से स्थानान्तरण के मौके पर दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधि द्वारा डॉ सतीश कुमार मुख्य प्रोजेक्ट मैनेजर रांची मंडल (गति शक्ति) को विदाई दी गई। साथ ही नए पदस्थापित सहायक सुरक्षा कमांडेंट रेलवे सुरक्षा बल अशोक कुमार सिंह का स्वागत सम्मान मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार की उपस्थिति में गर्मजोशी से किया गया। ज्ञात रहे कि मुख्य प्रोजेक्ट मैनेजर (गति शक्ति) डॉक्टर सतीश कुमार का स्थानांतरण रांची मंडल से रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) में हो गया है। रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच में मनोरम रिश्ते के लिए डॉक्टर सतीश कुमार मुख्य प्रोजेक्ट मैनेजर (गति शक्ति) रांची मंडल को याद किया जाएगा। वह हमेशा से कर्मचारियों के हित को सर्वोपरि रखते हुए योजना को अमलीजामा पहनाते थे।कोविड महामारी के समय कर्मचारियों को अस्पताल मुहैया कराने में इनका विशेष योगदान रहा है जिसे कर्मचारी हमेशा याद रखेंगे साथ ही कोरोना काल में इन्हें कोरोनावायरस के नियमों का पालन करवाने के लिए प्रोटोकॉल अधिकारी बनाया गया था। इनका योगदान कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा वैक्सीन दिलाने और रांची मंडल के कर्मचारियों को शत प्रतिशत वैक्सीनेट करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। साथ ही कोविड महामरी के दूसरी लहर के प्रकोप में जब ऑक्सिजन कमी से लगभग पूरे भारत के अस्पताल जूझ रह थे तब उन्होंने अस्पताल को ऑक्सिजन मुहैया करा कर हर कर्मचारियों कि जान की खतरे का ध्यान रखा था, और किसी भी कोविड पीड़ित कर्मचारियों को ऑक्सीजन की कमी नहीं होने दी थी। उनकी इस भूमिका को विशेष तौर पर कर्मचारी याद करते हुए नहीं थकते उस समय डॉक्टर सतीश कुमार एडीआरएम रांची मंडल के पद पर कार्यरत थे। मेंस कांग्रेस के जनप्रतिनिधि इन्हें खास तौर पर याद करते हुए बताते हैं की जब भी इनके समक्ष कर्मचारियों के मुद्दे रखा जाता था तत्परता से उनके मुद्दे को सुनते हुए उनकी योजना को सहर्ष स्वीकार करते थे। विदाई समारोह के मौके पर मंडल समन्वयक दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस नित्या लाल कुमार, साल और बुके देकर विदाई देते हुए भावुक हो गए और कहा कि आप जैसे अधिकारी रेलवे कर्मचारियों समेत रेल की धुरी है तभी ऐसे रिश्ते कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच बनते हैं साथ ही मंडल समन्वयक नित्यालाल कुमार के द्वारा अशोक कुमार सिंह असिस्टेंट सुरक्षा कमांडेंट, रेलवे सुरक्षा बल का रांची मंडल में पदभार ग्रहण करने पर रेलवे सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार की गरिमापूर्ण उपस्थिति में गर्मजोशी से शाल और बुके देकर सम्मानित किया गया। अशोक कुमार सिंह रांची मंडल में सहायक सुरक्षा कमांडेंट ,रेलवे सुरक्षा बल रांची मंडल में पदस्थापित हुए। मौके पर हटिया शाखा सचिव मनोज राय, हटिया शाखा ट्रेजरर बैजनाथ मंडल समेत मुरी शाखा सचिव प्रियदर्शी तिवारी, बबलू कुमार समेत द० पू० रेलवे मेंस कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# डॉक्टर डे के अवसर पर बधाई व शुभकामनाएं



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
डॉक्टर दिवस के अवसर पर द ०पू० रेलवे मेंस कांग्रेस मुरी शाखा के प्रतिनिधि मंडल द्वारा अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मुरी के डॉक्टर जे कच्छप को सम्मानित करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी गई। हर वर्ष एक जुलाई को पूरे भारतवर्ष में डॉक्टर्स दिवस मानव जीवन में उनके योगदान के लिए मनाया जाता है। इसी मौके के अवसर पर मुरी हॉस्पिटल के अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ जे कच्छप को मेंस कांग्रेस मुरी शाखा के प्रतिनिधि द्वारा बुके पेन और डायरी देकर सम्मानित किया गया तथा अस्पताल में काम करने वाले फार्मासिस्ट ड्रेसर समेत अन्य कर्मचारियों को भी मानव जीवन में उनके योगदान के लिए इस मौके पर सम्मानित कार्य किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने चर्चा करते हुए बताया कि जल्द ही एक महिला डॉक्टर को अनुबंध के आधार पर रखा जाएगा ताकि महिला मरीजों को एक महिला विशेषज्ञ डॉक्टर मिल सके जो के मुरी हॉस्पिटल के आसपास कार्य करने वाले रेलवे कर्मचारियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा और उनके परिवारों को आसानी से महिला डॉक्टर की सुविधा मिल सकेगी जिससे सैकड़ों रेलवे कर्मचारी परिवार लाभ ले सकेंगे। मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में मंडल मीडिया प्रभारी सैयद नाशीर रजा, बबलू कुमार, करीम अख्तर, गौतम कुमार समेत कई लोग उपस्थित रहे।

### उपायुक्त व शिक्षा सचिव ने शिक्षा को लेकर की अहम बैठक

# पढ़ाई में नहीं आयेगी रूकावट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डॉ. एस. राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स, रांची ने हाल ही में शिक्षा सचिव के. रवि कुमार और जिलाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा की मौजूदगी में एक सफल मीटिंग का आयोजन किया। इस मीटिंग का अध्यक्षता डॉ. राम सिंह, डीपीएस के प्राचार्य और सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स, रांची के अध्यक्ष द्वारा की गई। यह सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स की मीटिंग शिक्षा के कई पहलुओं पर चर्चा करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और शिक्षा मानकों को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की गयी। इस मौके पर डीने से कहा कि पढ़ाई में किसी तरह की रूकावट नहीं होगी। इस महत्वपूर्ण आयोजन में डॉ. एस. राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स, रांची के सदस्य स्कूलों के प्राचार्यों, प्रशासकों,




शिक्षाविदों की भागीदारी रही। शिक्षा सचिव ने इस महत्वपूर्ण आयोजन का उद्घाटन करते हुए एक प्रभावशाली संबोधन दिया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की और सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स की भूमिका के बारे में चर्चा की। उन्होंने सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स, रांची की महत्वता को मान्यता दी और शिक्षा क्षेत्र में उच्चतम गुणवत्ता को सुनिश्चित करने की आग्रह किया। विद्यालय के प्राचार्यों ने स्कूलों को मान्यता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए नियम में संशोधन करना, स्कूलों को किसी भी राजनीतिक बंद से दूर रखने का अनुरोध करना, चुनाव अवधि के दौरान उन स्कूलों में न्यूनतम व्यवधान सुनिश्चित करना जहां बसों को चुनाव के उद्देश्य से ले जाया जाता है, अधिकारियों द्वारा आरटीई के तहत आवेदकों को सही तरीके से चयन करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना जैसे महत्वपूर्ण

**शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की और सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स की भूमिका के बारे में चर्चा की**

बिन्दुओ पर भी अनुरोध किया। शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने सभी समस्याओं को सुलझाने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने अपने भाषण में शिक्षा के प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार के नवाचारी प्रयासों की सराहना की और सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स के संगठन के सदस्यों को समर्थन और सहयोग की प्रशंसा की। मीटिंग में संबंधित विषयों पर सफलतापूर्वक निर्णय लिए गए और आगामी कार्यक्रमों की योजनाबद्धता की गई।

## कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर की जमानत अर्जी पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** लव जिहाद एवं यौन शोषण के आरोप में जेल में बंद कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर ने सीजेएम कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद न्यायायुक्त की अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की है। अर्जी पर मंगलवार को अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले के आईओ से केस डायरी की मांग की। साथ ही अगली सुनवाई की तारीख 15 जुलाई निर्धारित की है। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए एक जुलाई को अर्जी दाखिल की है। उस पर बिहार के भागलपुर की रहनेवाली मॉडल का यौन शोषण करने समेत अन्य आरोप हैं। उसने कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर पर लव जिहाद समेत अन्य आरोप लगाते हुए गोंदा थाना में प्राथमिकी (कांड संख्या 57/23) दर्ज कराई है। इसके बाद उसका बयान अदालत में दर्ज किया गया। लगे आरोप के बाद पुलिस ने आरोपी तनवीर अख्तर को 15 जून को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

# राज्य के नौ जिलों में 10 अगस्त से चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य से फाइलेरिया के शीघ्र उन्मूलन के लिए नौ जिलों में 10 अगस्त से 25 अगस्त तक मास ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाया जाएगा। झारखंड के इन जिलों में एमडीए कार्यक्रम चलाया जाएगा इसमें हजारीबाग, चतरा, पलामु, गोड्डा, दुमका, लातेहार, सरायकेला, जामताड़ा और पश्चिम सिंहभूम शामिल हैं। राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. विरेन्द्र कुमार ने मंगलवार को बताया कि झारखंड सरकार, लिंफेटिक फाइलेरिया (हाथीपांव) के उन्मूलन के लिए पूरी तरह कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) के दौरान फाइलेरिया रोधी दवाओं का वितरण करना भर नहीं है। प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों के सामने



लाभुकों को दवा का सेवन सुनिश्चित कराना भी है। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग से अभियान सफल होता है। एमडीए प्रशिक्षण में झारखंड के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि अगस्त 2023 में शुरू किये जा रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम में फाइलेरिया से मुक्ति के लिए दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगों को उम्र के अनुसार डीईसी और अलबेंडाजोल टेबलेट्स की निर्धारित खुराक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर मुफ़्त खिलाई जाएगी। जिन जिलों में आईडीए है, वहां डीईसी और अलबेंडाजोल के साथ आईवरमेक्टिन की भी दवा खिलाई जायेगी।

# प्रदेश में जमीन-फ्लैट की रजिस्ट्री तीसरे दिन भी रही प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यभर के उप-निबंधन कार्यालयों में एक जुलाई से ही सर्वर डाउन रहने से जमीन-फ्लैट की रजिस्ट्री तीसरे दिन मंगलवार को भी पूरी तरह से प्रभावित रही। राजधानी रांची के पांच सब-रजिस्ट्री ऑफिस समेत राज्यभर के 42 सब-रजिस्ट्री ऑफिस में एक भी डीड की रजिस्ट्री नहीं हुई। आधार सत्यापन का कार्य नहीं होने के कारण पिछले तीन दिनों में राज्य भर में 1565 डीड की रजिस्ट्री नहीं हो सकी है। बुधवार को भी लोगों को इस परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। राजधानी रांची की बात करें तो कचहरी स्थित यहां के मुख्य सब-रजिस्ट्री ऑफिस में 130, हिनू स्थित ग्रामीण सब-रजिस्ट्री ऑफिस 126 एवं अन्य तीन में लगभग 80 लोगों ने जमीन-फ्लैट की रजिस्ट्री कराने के लिए टोकन ले रखा था। पिछले तीन दिनों में एक भी डीड की रजिस्ट्री नहीं हो सकी है। दूर-दराज से आए बहुत से लोगों को घंटों इंतजार के बाद निराश होकर लौटना पड़ा। सावन महीने में रजिस्ट्री करानेवालों की संख्या में बढ़ोतरी होती है। रजिस्ट्री कार्य बाधित रहने से राजस्व को भारी नुकसान भी हो रहा है। प्रॉपर्टी को अपने नाम करने के लिए आधार सत्यापन अनिवार्य है। बगैर आधार सत्यापन के रजिस्ट्री कार्य आगे नहीं बढ़ सकता है।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना मेले का लक्ष्य

# तीन दिवसीय सावन महोत्सव का उद्घाटन आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा द्वारा 5 - 7 जुलाई को महाराजा अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय सावन मेला हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ मे इस आयोजन के उद्देश्य एवं तैयारियों की संपूर्ण जानकारी हेतु एक प्रेस- वार्ता अग्रसेन भवन मे हुआ। जिसकी अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने की। उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि 24 वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव 5 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। इस महोत्सव सह हस्तशिल्प




कला प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य है समाज की ऐसी महिलाओं को एक मंच पर लाना जो कुछ करके आत्मनिर्भर होना चाहती है। प्रदर्शनी में 100 से भी ज्यादा स्टॉल लगाए जा रहे हैं। अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी ने कहा कि मेले का उद्घाटन कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची के उपनिदेशक हिंदी की सुमन पाठक 5 जुलाई को 10:30 बजे करेगी। मुख्य अतिथि साईं नाथ विश्वविद्यालय रांची के कुलपति एस.पी. अग्रवाल होंगे। तथा विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मीरा बथवाल उपस्थित

**प्रदर्शनी में आये विभिन्न स्थानों के 100 से भी ज्यादा स्टॉल लगाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को सिखने और समझने का मौका मिलेगा**

रहेगी। मेले के दूसरे दिन महिलाओं द्वारा सावन सिंघाड़ा का भव्य आयोजन किया जाएगा। सभा द्वारा मेले के समापन में बेस्ट स्टॉल को पुरस्कृत किया जाएगा। अग्रवाल सभा महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल ने बताया कि इस प्रदर्शनी में तरह-तरह की नवीनतम डिजाइनों में रंग-बिरंगे वंदनवार, राखियां लड़कियों एवं महिलाओं के कलात्मक परिधान, एंब्रायडरी वर्क, एप्लिक वर्क, लेस वर्क, चिकन वर्क, एवं ट्रांसफर वर्क, आदि से परंपरागत महिलाएं एकदम एक्सक्लूसिव डिजाइनर को भी प्रस्तुत करेगी। मेले में सजावट के सामान श्रृंगार की सामग्री, कलात्मक बेडशीट, टेबल कवर आदि स्टॉल में रखे जाएंगे। सावन महोत्सव की संयोजिका अलका सरावगी ने कहा स्टालों में महिलाएं अपनी देखरेख में बनाए गए हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन करेगी इसके अतिरिक्त लजीज व्यंजनों के स्टाल भी लगाए जा रहे हैं।

## सोनाहातू में 155 लाभुकों के बीच बत्तख के चूजों का वितरण

**सोनाहातू।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत सोनाहातू प्रखंड के विभिन्न गांवों की 155 महिला लाभुकों के बीच बत्तख के चूजा का वितरण किया गया। इन महिलाओं ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बत्तख पालने का आवेदन दिया था। इसके बाद सरकार द्वारा महिलाओं को 15-15 बत्तख का चूजा 90 प्रतिशत अर्थात 170 रुपये के भुगतान पर बांटा गया। बत्तख वितरण में जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, बीडीओ सुचित्रा मिंज, पशुपालन पदाधिकारी धनजंय कुमार, उपप्रमुख सविता देवी, सांसद प्रतिनिधि दिलेश्वर कोइरी, निशिकांत गंझू और बारेन्दा मुखिया सुभद्रा देवी आदि मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के तत्वावधान में **माननीय मुख्यमंत्री** के कर कमलों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ

मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

सम्मानित अतिथि
श्री संजय सेठ
माननीय सांसद, लोकसभा क्षेत्र, रांची
श्री राजेश कच्छप
माननीय विधायक, खिजरी विधानसभा क्षेत्र

कार्यक्रम
206 एम्बुलेंस का लोकार्पण एवं 38 नव नियुक्त दन्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण
सहित
- रिजनल ब्लड ट्रान्समिशन सेंटर, नागरमल मोदी सेवा सदन का उद्घाटन।
- ब्लड स्टोरेज केन्द्रों का उद्घाटन।
- 5 MMU के संचालन एवं अन्य चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में Smile Foundation के साथ MOU.
- ममता वाहन ऐप, आयुष्मान ऐप तथा मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना ऐप का लोकार्पण।
- उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ता चिकित्सकों एवं अस्पताल का सम्मान।

दिनांक : 05 जुलाई 2023 | स्थान : आई.पी.एच. प्रेक्षागृह, नामकुम, रांची | समय : अपराह्न 01 बजे से



NATIONAL HEALTH MISSION
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

PR No. 301326 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24

## जिला अनाबद्ध निधि, पर्यटन विकास एवं डीएमएफटी के तहत हो रहे विकास कार्यों की हुई समीक्षा

# गंभीरता से कार्य करें अधिकारी : डीसी



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में रामगढ़ जिले में अनाबद्ध निधि, पर्यटन विकास एवं डीएमएफटी के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। विकास कार्यों व अन्य योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों व कार्यपालक अभियंताओं से कहा कि विभिन्न विकास कार्यों एवं सरकार की योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द लोगों को मिले इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि आप सभी अपने कार्यों को गंभीरता से करें। इसके लिए उपायुक्त ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करने एवं कार्य प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए कार्य पूरा करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने बरसात के मौसम के मद्देनजर योजनाबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के संबंध में अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को वैसे पुराने आंगनवाड़ी जिनके लिए नए भवन का निर्माण कराया गया है उनका संचालन जल्द से जल्द नवनिर्मित भवन में शुरू करने का निर्देश दिया।

वहीं, बिरसा बस स्टैंड के जीर्णोद्धार कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ससमय कार्य को पूर्ण कर जिले वासियों को बस स्टैंड में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने डीएमएफटी के तहत संचालित गोट बैंक परियोजना के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी जिला पशुपालन पदाधिकारी से ली। इस दौरान जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई की गोट बैंक परियोजना के सफल संचालन हेतु चयनित लाभुकों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वहीं, बेहतर तरीके से बकरी पालन की तकनीक व विभिन्न जानकारियां लाभुकों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य द्वितीय चरण का प्रशिक्षण इसी महीने में प्रस्तावित है। इस संबंध में उपायुक्त ने प्रशिक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की सहभागिता प्रशिक्षण में सुनिश्चित करते हुए प्रशिक्षण का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश जिला पशुपालन पदाधिकारी को दिया। जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को किसी भी माध्यम से जलापूर्ति संबंधित किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर उस पर संज्ञान लेने वह जल्द से जल्द समस्या को हल करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं की जानकारी व योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के माध्यम से जिले के कुपोषित बच्चों के उपचार के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को योजनाबद्ध तरीके से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित पंचायतों का चयन कर शिविर आयोजित करने एवं कुपोषित बच्चों के उपचार हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिले के प्रतिभावान एवं मेधावी बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश दिलाने हेतु डीएमएफटी के तहत संचालित मेडिकल व इंजीनियरिंग कोचिंग परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को नियमित रूप से कोचिंग सेंटर का निरीक्षण करने एवं बच्चों को कोचिंग सेंटर के माध्यम से मिल रहे लाभ की जानकारी लेने का निर्देश दिया।

## विधायक और प्रशासन के मिलीभगत से क्षेत्र में लूट खसोट जारी हैः जानकी प्रसाद यादव



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। लोगों का ध्यान भटकाने के लिए अर्नगल ब्यान बाजी कर रहे हैं। उक्त बातें पूर्व अध्यक्ष झारखंड राज्य आवास बोर्ड सह पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कही। कहा कि राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गोहाल, जयनगर और डिग्री कॉलेज सूर्यकुंड में पठन-पाठन शुरू करवाने को लेकर हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जमकर उमड़ी जनसैलाब से शिक्षा की नई क्रांति बरकट्ठा विधानसभा में लिखी जा रही है ' पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि सत्ता में बैठे अहंकारी विधायक अमित कुमार यादव ने भवन निर्माण का विरोध कर निर्माण कार्य को रुकवाया था। लेकिन जनता ने अपने आंदोलन से भवन का निर्माण करवाया ' अब विधायक इतना नीचे गिर गये हैं कि शिक्षा का विरोध कर बोलते हैं डिग्री कॉलेज का मापदंड पूरा नहीं हुआ है। वह चाहते हैं कि पॉलिटेक्निक कॉलेज में भी पढ़ाई शुरू ना हो ।जनता को भ्रमित कर शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर राजनीति की रोटी सेंकने और बच्चों का भविष्य बर्बाद करने पर तुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि विधायक मेरे खिलाफ अनर्गल बयान दे रहे हैं। पोलटेक्निक कॉलेज, गोहाल का उद्घाटन अवैधानिक व नियम के विरुद्ध किया। इस पर मुझे फर्जी पत्र जारी करने का आरोप लगाया जबकि हकीकत यह है कि वह पत्र में दिनांक भी है पत्रांक भी है और प्राचार्य का हस्ताक्षर भी हैं ' विधायक परसाबाद रेलवे स्टेशन में राष्ट्रीय तिरंगे का अपमान के वीडियो को बोलते हैं हमने एडिट करके मुकदमा दर्ज किया है ' उन्हें शायद पता नहीं है कि जब वह भाषण दे रहे थे तब फेसबुक लाइव वीडियो चल रहा था। कैसे तिरंगे झंडे को पैर तले कुचल दिया। वह पूरी जनता ने देखा है। अगर विधायक को लगता है कि एडिट है तो मुझे एडिट करके दिखाएं इतनी कला तो उनके पास ही हो सकता है ' लाखों-करोड़ों लोगों ने कुबार्नी दी हैं इस देश की आजादी में फिर मैं तिरंगे का अपमान कैसे बर्दाश्त करूंगा। चलकुशा में तेरह सूत्री की मांग को लेकर अनिश्चितकाल धरना प्रदर्शन के दौरान हम सबों पर जानलेवा हमला के लिए चार गाड़ियां भेजी गई थी ।थाने आवेदन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। विधायक और प्रशासन के मिली भगत से पूरे विधानसभा क्षेत्र में लूट खसोट जारी हैं ' उन्होंने कहा कि शिक्षा के सवाल, तिरंगे का अपमान,भय और भ्रष्टाचार को लेकर अब मैं जनता के बीच जाऊंगा और जन जागरण अभियान चलाउंगा। उन्होंने प्रिंसिपल द्वारा जारी किए गए पत्र को दिखाते हुए कहा कि विधायक अमित कुमार यादव में थोड़ी भी नैतिकता बची है तो इस्तीफा दे देना चाहिए।

## बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपाइयों में हर्ष

**बरकट्ठा।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड के प्रथम पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक बाबूलाल मरांडी को झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत करने पर हर्ष व्यक्त किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार साव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनने से झारखंड में भाजपा की दलीय स्थिति बेहतर होगी आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा अपना झंडा लहरायेगी इनके अनुभव का पार्टी व संगठन को बेहतर लाभ मिलेगा मौके पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता कुमकुम देवी, सांसद प्रतिनिधि सुशील पांडेय, रघुवीर महतो, सुरेन्द्र साव, सुखदेव यादव, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी आदि ने बधाई दी ।

## हजारीबाग में झुंड से बिछड़े हाथी ने मचाया उत्पात, दरवाजा तोड़ घर में घुसा



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के दारू थाना क्षेत्र के कबलासी पंचायत के गाड़ीसाड़म और पुनाई में झुंड से बिछड़े हाथी ने जमकर उत्पात मचाया. सोमवार की रात को झुंड से बिछड़े एक हाथी सबसे पहले गाड़ीसाड़म निवासी रोजगार सेवक जीतन पासवान के मुख्य दरवाजे को तोड़कर अंदर घुस गया और घर में रखी चौकी, फ्रीज, सीढ़ी की रेलिंग, रसोई में रखे बर्तन को तोड़ दिया. साथ ही घर में रखे पांच बोरा चावल व आटा चट कर गया. परिवार के सदस्यों ने छत पर चढ़कर अपनी जान बचाई. फिर हाथी ने सीढ़ी पर चढ़ने का प्रयास किया. इस दौरान रेलिंग टूट गई. यहां के ग्रामीण इस दौरान टीन बजाकर और शोर कर हाथी को भागने का प्रयास कर रहे थे. फिर हाथी ने हरिजन टोला निवासी कबूतरी मसोमात के घर के दरवाजे को तोड़कर अंदर घुस गया. यहां भी रसोई में रखे गैस चूल्हा, बर्तन, चावल, आटा आदि को बर्बाद कर दिया. उस दौरान महिला अपने सास के साथ भागकर किसी तरह से जान बचाई. इधर गाडीसाड़म में हाथी को भगाने के दौरान ग्रामीणों के साथ शामिल विवेक पासवान को सांप ने

## गुड सेमरिटन योजना के तहत पांच लोगों को मिला नकद दो हजार और प्रशस्ति पत्र



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** गुड सेमरिटन योजना के तहत बरही के पांच व्यक्तियों को दो हजार नकद और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. यह सम्मान अनुमंडलीय अस्पताल में एक सादे समारोह में प्रमुख मनोज रजक, प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने संयुक्त रूप से दिया. सम्मान पाने वालो में बरही के युवा पत्रकार अमित कुमार सोनी, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया छोटन ठाकुर और रोहित ठाकुर शामिल है. जानकारी देते हुए डीएस ने बताया कि यह योजना सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल सेवा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से चलाए गए है. जिसके तहत सड़क हादसों में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर (दुर्घटना के एक घंटे) के अंदर अस्पताल या ट्रामा केयर सेंटर में पहुंचाने वाले किसी भी नागरिक को गुड सेमिरटन माना जाता है. उन्होंने कहा ऐसे व्यक्ति को पुलिस के समक्ष बयान या किसी भी प्रकार से गवाह नहीं बनाया जा सकता है. उन्होंने लोगो से अपील किया कि सड़क दुर्घटना में शिकार व्यक्तियों को मदद करे और तत्काल अस्पताल तक पहुंचाकर उन्हें सुरक्षित रखने में सहयोग करे. कार्यक्रम में पंकज आजाद, सुधांशु सिन्हा, कुलदीप कुमार, रमेश ठाकुर आदि सहित अस्पताल के कर्मी मौजूद थे.

## बरही में ट्रेलर पलटने से मची अफरा-तफरी

**बरही।** बरही चौक पर मंगलवार की सुबह पाइप लदा ट्रेलर पलट गया. जिसके बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला. साथ ही काफी देर तक सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतारे देखने को मिली. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क जाम को हटाया. इस दुर्घटना में चालक और खलासी को हल्की चोट लगी है. पुलिस के मुताबिक ट्रेलर दिल्ली की ओर से आ रही थी. तभी बरही चौक से मुड़ने के दौरान ये घटना घटी. गाड़ी कोडरमा स्थित चंदवारा की है. पुलिस ने वाहन मालिक दुर्घटना स्थल पर बुलाया. खबर लिखे जाने तक बरही चौक से वाहन हटाने में पुलिस के जवान लगे थे.

## श्रावण मास की शुरूआत के साथ मां छिन्नमस्तिके मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी हुई आरंभ



**रामगढ़।** वैसे तो रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर में सालोभर श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए जुटती रहती है। लेकिन पवित्र श्रावण मास के आरंभ होने के साथ यहां श्रद्धालुओं की जुटने वाली भीड़ काफी बढ़ जाती है। 4 जुलाई 2023 को पवित्र श्रावण मास के आरंभ होते ही छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी आरंभ हो गई। इसके लिए मंदिर प्रबंधन समिति ने तैयारी कर ली है। मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा एवं पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को कतारबद्ध करवाकर पूजा अर्चना संपन्न करवाई जा रही है। वहीं, इस वर्ष श्रावण मास के मलेमास होने से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। जिस कारण अगले दो माह तक रजरप्पा में श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए जुटती रहेगी।

## 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन संपन्न, हरे रामा हरे कृष्णा के जयघोष से गुंजायमान हुआ क्षेत्र



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बेड़ोकला स्थित देवी मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 घंटे का अखंड हरिकी ?र्त्तन का समापन मंगलवार को विभिन्न अनुष्ठानों के बीच किया गया।वहीं दो दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन अखंड हरिकीर्तन में श्रद्धालु उमड़ पड़े।इस क्रम में हरे रामा, हरे कृष्णा, हर हर महादेव, सीता राम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। दिन के साढ़े बारह बजे अखंड हरिकीर्तन का समापन किया गया। तत्पश्चात हवन, आरती के साथ अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। देवी मंदिर में वार्षिक हरिकीर्तन को लेकर मंदिर को फुलों एवं रंग बिरंगे लाइट से सजाया गया था। रंग-बिरंगी बल्बों से मंदिर परिसर को रोशन किया गया था। मंत्रोचार के साथ पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। संदीप पाण्डेय जी के द्वारा भव्य आरती के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। मौके पर पूर्व मुखिया श्री तुलसी पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र पाण्डेय, उप मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव, वार्ड सदस्य गाँधी रजक, देवीलाल यादव, पंसस रामचंद्र साव, पूर्व उप मुखिया फूलचंद पंडित, प्रकाश पाण्डेय, मुरली पाण्डेय, श्यामलाल बैठा, भीम साव, भीम राणा, मोहन साव, महेश गुप्ता, रवीन्द्र शर्मा, प्रसादी सिंह, मुंशी साव, रामचंद्र बैठा, संजय पंडित, अनिल शर्मा, राजेश बैठा, रंजीत शर्मा, पोखराज ठाकुर, इन्द्रजीत यादव, सूरज रविदास, छोटीलाल ठाकुर, सुरेन्द्र यादव, सुरेन्द्र साव, धीरेन्द्र बैठा, बिनोद यादव, उमेश यादव, बासुदेव बैठा, टीपलाल ठाकुर, दशरथ पंडित, संदीप बैठा समेत सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय के हर्बल गार्डन में औषधीय कार्यक्रम का आयोजन



**रामगढ़ ।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान, बायोटेक्नोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा मंगलवार को औषधीय पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मण्डल, विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सह परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि एवं विज्ञान संकाय की संकायाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा गुप्ता ने विज्ञान संकाय के सभी विभागाध्यक्ष, व्याख्याताओं एवं छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों का रोपण किया। मौके पर कुलसचिव ने बताया कि पौधारोपण करके हम पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक ने भी पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, सह परीक्षा नियंत्रक ने औषधीय पौधों कि उपयोगिता के बारे में अवगत कराया। संकायाध्यक्ष सह बायोटेक्नोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष ने पौधरोपण के महत्व को बताते हुए कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखने के लिए अहम भूमिका निभाते हैं । वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा कुमारी जायसवाल ने बताया की झारखण्ड में लगभग 150 औषधीय पौधे हैं जिनका उपयोग पारम्परिक औषधि के रूप में हम सब कर सकते हैं अतः इनका संरक्षण अति आवश्यक है ।

## प्रमुख के आरोप को बीडीओ ने बताया निराधार कहा-नियमसंगत हो रहे है कार्य





**बरही ।** प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने बीडीओ सी आर इंदीवर पर राज्य सरकार की अधिसूचना के उल्लंघन का आरोप लगाया था. जिसके तहत 15 वें वित की भुगतान राशि प्राप्ति प्रपत्र से प्रमुख के हस्ताक्षर हटाने का आरोप लगाया था. इस संबंध ने बीडीओ ने बताया कि राज्य सरकार के उपसचिव के पत्रांक 2012 दिनांक 10.12.2020 के पत्र के अनुसार पंचायत प्रतिनिधियों का हस्ताक्षर अनिवार्य किया गया था. जिसमें संशोधन करते हुए उप विकास आयुक्त ने 18.12.2020 को इस प्रकार की अनिवार्यता को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्देश दिया गया था. इस पत्र के निदेर्शानुसार प्रपत्र से प्रमुख के हस्ताक्षर हटाए गए. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्व में यह परंपरा चली आ रही थी, जो उनके योगदान के प्रारंभिक दो से तीन महीनो तक चला. परंतु पत्र की जानकारी मिलते ही उस व्यवस्था को हटाने का काम किया है. पंचायती राज व्यवस्था में मुखिया के अलावा किसी भी जनप्रतिनिधि का डिजिटल सिग्नेचर नही होता है, और न ही वित्तीय अधिकार प्राप्त नहीं है. ऐसे में हस्ताक्षर उचित नहीं है.

## एवीएचएस शिलाडीह के सेवा निवृत्त लिपिक की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह के सेवा निवृत्त लिपिक रविंद्र पांडेय की आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। विदित हो कि लिपिक रविंद्र पांडेय अत्यंत मृदुभाषी व सरल स्वभाव के व्यक्ति थे।साथ ही हिंदी के प्रकांड विद्वान भी थे । बताते चलें कि पांडेय की सोमवार दोपहर को अचानक तबियत खराब हो गई जिसके बाद परिजनों ने सदर अस्पताल हजारीबाग में एडमिट कराया। जहां मंगलवार दोपहर में उन्होंने अंतिम सांस ली। श्री पांडेय अपने पीछे चार पुत्र व एक पुत्री समेत पत्नी को छोड़कर चले गए। शोक संवेदना व्यक्त करने वाले में विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, मुखिया ललिता देवी, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय, पसस समीम अंसारी समेत अन्य लोगों ने की।

**प्रेस कांफ्रेंस**

## एसपी ने किया बाइक चोर गिरोह का खुलासा

# चोर गिरोह का सरगना समेत 10 सदस्य गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। एसपी पीयूष पांडे द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। जिसमें उन्होंने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर 3 जुलाई को पतरातू थाना द्वारा पतरातू खेलारी रोड में टेरपा मोड़ के पास सरना उच्च विद्यालय से आगे वाहन चेकिंग के क्रम बुढ रोधी के बिना नम्बर के मोटरसाईकिल पर आ रहे दो व्यक्तियों को रुकने का इशारा करने पर ये भागने लगे। जिन्हें पुलिसबल द्वारा खदैरवकर पकड़ा गया । पुलिस द्वारा पूछताछ में आपना नाम 1. सोहेब मल्लिक, पे०-करीम मल्लिक, सा०-ईचापिडी, थाना-बूढमू, जिला-रांची एवं 2. शिवाकर कुमार प्रजापति, पे० भिखु प्रजापति सा०-टेरपा, थाना- पतरातु जिला-रामगढ़ बताया। उनसे मोटरसाईकिल के कागजात की मांग किया गया तो उनलोगों द्वारा कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। न ही कोई संतोष जनक जबाव दिया गया। तत्पश्चात पकड़ायें उक्त दोनों व्यक्ति से मोटरसाईकिल के संबंध में पूछताछ की गई तो उनलोगों द्वारा बताया गया कि यह मोटरसाईकिल चोरी का है । जिसे हमलोग कुछ दिन पहले मौहर पाना रांची क्षेत्र से चोरी किये थे और इसे बेचने के लिए लेकर पतरातु तरफ जा रहे थे। तब उनलोगों से आगे पूछताछ की गई तो बताया कि हम दोनों के आलावे टेरपा गांव के शिवम कुमार साव और आनन्द कुमार साव के साथ मिलवार रांची एवं आस-पास के विभिन्न क्षेत्रों से मोटरसाईकिल की चोरी करके बेचने के लिए ग्राम टैरया में शिवशंकर प्रजापति के घर में तीन, शिवम कुमार साव के घर में एक और आनन्द साव के घर में एक मोटरसाईकिल कुल 05 (पांच) मोटरसाईकिल को छिपाकर रखे हैं। अभी जाने पर उक्त सभी मोटरसाईकिल को बरामद करा सकते है। एसपी ने बताया की पुलिस द्वारा उक्त अभियुक्तों के साथ ग्राम टेरपा में उनके बतायेनुसार छापामारी करने पर कुल 06 मोटरसाईकिल की बरामदगी की गई। बताया की गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा स्वीकारोक्ति बयान में मोटरसाईकिल चोरी करने की बात स्वीकार की गई है। इस संबंध में पतरातु थाना कांड सं0-121/2023, दिनांक 04/07/2023, धारा- 414/34 भादवि पंजीकृत किया गया है। छापेमारी दल में पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह पुअनि अभय कृष्ण गिरि,पुअनि निर्मल उरांव सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### बरामद मोटरसाइकिल की विवरणी

1. काला रंग का बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के हीरो पैशन प्रो मोटरसाईकिल चेचिस नं०- एमबीएचएलए10एडब्लूसीजीजी26597 एवं इंजन नं एचए10ईएनसीजीजी69838
2. हीरो होण्डा सी०डी० डिलॉक्स नं जेएच01यू0682
3 हीरो पैशन प्रो जेएच01डब्लू 7439
4 हीरो पैशन प्रो जेएच01सीएफ 8160
5 हीरो पैशन प्रो जेएच 01एन 825(अंतिम अंक घिसा हुआ)
6 हीरो पैशन जेएच 02एस 0403

### गिरफ्तार अभियुक्त

1. सोहेब मल्लिक, पै0 करीम मल्लिक, सा०-ईचापिड़ी, थाना-बुड़नू, जिला-रांची ।
2. शिवशंकर कुमार प्रजापति, पे० भिखु प्रजापति, सा०-टेरपा, थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़।
3. आनन्द कुमार साब, उम्र करीब 21 वर्ष, पिता-सुकदेव साव, सा०-टेरपा, थाना- पतरातु जिला- रामगढ।
4. शिवम कुमार साव, उम्र करीब 19 वर्ष, पिता स्व० राजेश साव, सा०-टेरपा, थाना- पतरातु, जिला-रामगढ़।



### उपायुक्त की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक, बोले

# सभी मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल एजेंट प्रतिनियुक्ति करें



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त श्री आदित्य रंजन की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में विस्तृत रूप से सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि को अवगत कराया गया। मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट प्रतिनियुक्ति करने हेतु कहा गया है ताकि किसी भी योग्य व्यक्ति मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित नहीं रहे। नाम जोड़ने हेतु प्रपत्र 6, नाम हटाने हेतु प्रपत्र 7 एवं किसी प्रकार के सुधार करने प्रपत्र 8 के संबंध में भी जानकारी दी गई। आनलाइन आवेदन करने के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में में मुख्य रूप से श्री जयपाल सोय,उप निर्वाचन पदाधिकारी, कोडरमा, भागीरथ पासवान, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी, कोडरमा, अनुपम जोशी, जिला महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी, अशोक कुमार, जिला उपाध्यक्ष, जेएमएम, रमेश प्रजापति, सीपीआईएम, राजेन्द्र प्रसाद, जिला सचिव भाकपा माले, सुभाष राणा, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी मो फैयाज केशर, राजू सिंह एवं चंद्रशेखर जोशी भी उपस्थित थे।

## कांग्रेस इंटर नेता ने जाना ग्रामीणों का हाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कांग्रेस इंटक नेता दिलीप तिर्की ने पाकरटंड प्रखंड के लैलोंगा, काटासारू गांव का दौरा किया मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि बरसाती पानी की वजह से रोड पूरी तरह बाधित हो जाता है। पढ़ने वाले बच्चों से लेकर किसी मरीज के लिए ।कितनी बार इंजीनियर आये, ब्लॉक से अधिकारी भी आये हमने इसपर पुल निर्माण के लिए कहा था लेकिन जबरन पीसीसी ढाल दिया गया और आजतक पुलिया नही बना। जिस कारण इतनी तकलीफ झेलनी पड़ती है। गांव भ्रमण पर सबने कहा यही जलजमाव ही इस मौसम में हमारी सबसे बड़ी तकलीफ है जिससे हम पूरे गाँव परेशान हैं। मौके पर दिलीप ने कहा कि जबतक लोगो को तकलीफ नही होती तबतक वो दूसरों की तकलीफों का एहसास नही कर पाते अधिकारियों के साथ भी कुछ ऐसा ही है। न यहाँ बिजली है न ही नेटवर्क जीवन कितना कठिन है। पहले उग्रवाद का दंश झेला और अब जिला के उदासीन रवैया का दंश। अभी बरसात की सुरुआती दौर है और जल बहाव के कारण काटासारू गांव तक लोग मुख्यधारा से कट जाते हैं। वाहन को दूसरी ओर छोड़कर पैदल 2 किलोमीटर एक शिक्षक को स्कूल जाना पड़ता है। एक पिता को अपनी बच्ची को कंधे पर बैठाकर जल जमाव पार करना पड़ता है। आज के युग मे भी ऐसी स्थिति देखकर अधिकारियों को शर्म आनी चाहिए कि तकलीफ से अवगत होने के बाद भी वो आखिर जिला में किसके लिए बैठे हैं।

## बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न



**झुमरी तिलैया।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला द्वारा झारखंड सरकार के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर स्थानीय झंडा चौक पर आतिशबाजी पड़ाके मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई जिला महामंत्री अनूप जोशी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जी प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं इनके कार्यकाल में भाजपा स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाएगी और संगठन आगे बढ़ेगा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मोदी जी ने कहा कि बाबूलाल जी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर कोडरमा जिला द्वारा बहुत-बहुत ने बधाई दी। बधाई देने वालों मे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मोदी, जिला उपाध्यक्ष देवनारायण मोदी, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी ,रमेश हर्षधर ,सोशल मीडिया प्रभारी आकाश वर्मा ,इद्रदेव बरनवाल, मानिकचंद सेठ, सुमित चंद्रवंशी, अशोक यादव महेश राम ,अजय झा ,किशोर पंडित, हरि पंडित, विजय यादव, अमर सिंह ,बलराम राणा, सतीश कुमार ,रविंद्र सिंह ,दिलीप शर्मा, विजय पंडित ,अशोक यादव, सागर खान, आलोक यादव ,बहादुर यादव, गोविंद कुमार ,राकेश सिंह, संतोष वर्मा ,रत्नेश जायसवाल, कृष्णा पटेल, अमित जयसवाल, निरंजन कसेरा आदि ने ने बधाई दी

## महिला किसानों के बीच मडुआ बीज का वितरण



**झुमरी तिलैया।** कोडरमा प्रखंड के झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रोग्राम सोसायटी कार्यालय में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, श्री अन्न मोटा अनाज अन्तर्गत 250 किलो मडुवा का बीज महिला किसानों के बीच वितरण किया गया। जिसमे बीडीओ रोशमा डुंगडुंग द्वारा मडुवा के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं बीटीएम कोडरमा संतोष कुमार सिंह द्वारा ब्लाक चैन टेक्नोलॉजी के माध्यम से बीज वितरण किया और मडुवा बीज के बीजोपचार और राईजोबीयम कल्चर के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही साथ बीज के साथ राईजोबीयम कल्चर भी महिला किसान को दिया गया। मौके पर बीपीएम शिखा वर्मा, कौशल्या देवी, लीला देवी, नीतू देवी सहित दर्जनों महिला किसान उपस्थित थी।

## हाथी ने एक घर को किया क्षतिग्रस्त, मुआवजे की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखण्ड के ग्राम नवागांव निवासी कोमल जड़िया के घर को जंगली हाथी ने दो तरफ से छतिग्रस्त कर दिया मिली जानकारी के अनुसार जंगली हाथी सोमवार को पास के जंगल मे था रात्रि लगभग तीन बजे गाँव आ कर कोमल के घर को छतिग्रस्त कर दिया ।बरसात के दिनों में घर का आधा हिस्सा उजाड़ दिया है ।घर के उजड़ जाने से कोमल जड़िया को परेशानी में डाल दिया ।उसने कहा कि खेती का समय आ रहा है अब खेती बाड़ी करें कि घर की मरामती करें।हाथी ने घर उजाड़ने के बाद घर मे आनाज को बाहर निकाल कर खाया तथा कुछ को बर्बाद कर दिया। जानकारी मिलने पर पंचायत उप मुखिया सूरज बड़ाईक व वन विभाग बानो प्रभारी वन पाल विवेक वर्मा गाँव जा कर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी लिया। हाथी पीड़ित परिवार से जल्द आवेदन मांगा गया है ताकि समय पर मुवावजे की राशि मिल सके। बनपाल विवेक वर्मा ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि घर के बाहर मिर्ची पाउडर टांग कर रखे।गाँव के बाहर अलाव की व्यवस्था करें।हाथी के नजदीक कभी नही जाय ।कभी भी हमला कर सकता है रात्रि में अकेले न चले।

### पुलिस अंकल टुटोरिअल सम्मान समारोह का आयोजन

# उत्कृष्ट प्रदर्शन के छात्रों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर भवन में पुलिस अंकल ट्यूटोरियल सम्मान समारोह -सह- कैरियर गाइडेंस का आयोजन में किया गया पुलिस प्रशासन द्वारा मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर किया गया।सिमडेगा जिला में ड्रॉपआउट बच्चों एवं अभावविहिन बच्चों में शिक्षा का दीप जलाने के लिए और मानव तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अंकल ट्यूटोरियल क्लास की शुरूआत की थी। पुलिस अंकल ट्यूटोरियल क्लास के तहत सभी थाना क्षेत्रों में डेडीकेटेड शिक्षकों के सहयोग से पुलिस मैट्रिक परिक्षा देने वाले बच्चों को निशुल्क कोचिंग दे रही है. जिससे उनका रिजल्ट बेहतर हो रहा है।पुलिस अंकल ट्यूटोरियल क्लास में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रशस्ति पत्र देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। तथा अपने बहुमूल्य समय देकर बच्चों पढ़ाने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि सिमडेगा जो कि एक सुदूरवर्ती क्षेत्र है जहां पर कई बार ऐसा होता है कि गरीब परिवार के बच्चें पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं यह उसे पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती थी इसको लेकर उपायुक्त महोदय से फंड का सहयोग प्रदान किया गया था। और शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के सहयोग के प्रयास से अच्छा पढ़ाई बच्चों को मिले। इसका परिणाम रहा कि 2022-23 में 90% रिजल्ट दिया है। उन्होंने कहा कि आप मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा पास कर लिये है, यह आप सब का पहला पड़ाव है। ऐसा नहीं सोचना है कि इसके बाद चीजें बदल गई, अब आप कॉलेज में जाएंगे। 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा केवल योग्यता का निर्धारण करता है। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज, जिला नियोजनालय पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लाकड़ा आदि उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल मे धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव



**झुमरी तिलैया।** स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल असनाबाद में गुरु पूर्णिमा का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया ।इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूरज कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि गुरु के बिना जीवन अंधकारमय होता है। गुरु के बिना व्यक्ति कभी भी सफलता हासिल नहीं कर सकता है। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण,गीत आदि भी प्रस्तुत किया गया। वही कार्यक्रम के द्वारान श्रुति कुमारी ने कहा कि गुरु बिन ज्ञान नहीं प्राप्त किया जा सकता है ।चाहत सिन्हा ने कहा कि गुरु के माध्यम से ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। प्रसन्न राज रंजन ने कहा कि गुरु हमारे मार्ग दर्शक होते हैं हमें उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिए। वही संजना कुमारी,प्रेरणा कुमारी,शशि कुमार,अंकित कुमार,आर्यन कुमार के साथ-साथ दर्जनों छात्र छात्राओं ने गुरु जी के विषय में प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के उपनिदेशक दीपक कुमार एवं शिक्षिकाएं प्रीति कुमारी,प्रियंका कुमारी,सोनिया कुमारी और पूजा शर्मा उपस्थित थी।

## बाबूलाल मरांडी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर तुलसी साहू ने दी बधाई



**सिमडेगा।** भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को झांरखण्ड प्रदेश का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर सिमडेगा के भाजपा नेता जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू ने प्रशंसा व्यक्त की है। तुलसी कुमार साहू ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने से उनके नेतृत्व में प्रदेश भाजपा संगठन दिन दूनी रात चौगुनी सशक्त और मजबूत होगा। बाबूलाल मरांडी जी झांरखण्ड के लाल है और वे एक ईमानदार, कर्मठ और कुशल संगठनकर्ता हैं वे कार्यकताओं को मान सम्मान देने वाले नेता है। उनके कुशल नेतृत्व में भाजपा आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में विजय पताका फहराएगी। बाबूलाल मरांडी के झांरखण्ड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर सभी कार्यकर्ता उत्साहित है।

## सड़क हादसे में तीन छात्र गंभीर रूप से घायल

सिमडेगा। सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत भेड़ी कुदर के पास मंगलवार की सुबह ओमनी वन एवं मोटरसाइकिल में सीधी भिड़ंत हो गई भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल में सवार तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए इधर स्थानीय लोगों को जब नजर पड़ी तब लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही नियंत्रण कक्ष प्रभारी मनीष कुमार रॉय दल बल के साथ पहुंचे एवं तीनों घायलों को पीसीआर वैन के मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोम्बाकेरा गांव निवासी अविनाश कुल्लु,अनमोल केरकेट्टा, सुदामा महतो के रूप में हुई।

# सिमडेगा : सर्पदंश से दो लोगों की तबीयत बिगड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में जहर का कहर रुकने का नाम नहीं ले रहा लगातार सर्पदंश के मामले सामने आ रहे हैं लेकिन इसके बावजूद लोग जागरूक नहीं हो पा रहे हैं सिमडेगा के केयर से इंदिरा चौक के समीप कार्य कर रहे लकड़ी मिस्त्री जयदेव वर्मा को जहरीले सांप ने डसा इसके बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया जहां पर उसकी उपचार चल रही है बताया गया कि उसे सांप ने डसा तक पता नहीं चला लेकिन थोड़ी देर बाद पैर में सूजन होने लगा और सांप काटने के निशान दिखने लगा था वह घबरा गया और उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया इधर फिलहाल को खतरे से बाहर है। वही दूसरा मामला ठेठईटांगर के बांसपहाड़ गांव की है। जहां का 24 वर्षीय अजय सिंह नामक युवक को सांप ने डसा इसके बाद उसे भी सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया बताया वह सोच के लिए जा रहा था इसी दौरान पैर के नीचे आ गया तब उसे सांप ने डसा हालांकि सदर अस्पताल में उसकी उपचार चल रही है वह भी खतरे से बाहर है। सिविल सर्जन डॉक्टर नवल कुमार ने लोगों से अपील की है कि लोग सब 10 मामले को नजरअंदाज ना करें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सदर अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वाइल उपलब्ध है तत्काल अस्पताल का सहारा ले झाड़-फूंक के चक्कर में ना पड़े।

## पीएचडी विभाग की जल मीनार में घोर अनियमितता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत ताराबोगा पंचायत के केनरा बैंक के सामने में एक जल मीनार का स्ट्रक्चर खड़ा कर चार पांच महीना के लिए छोड़ दिया गया था और अभी जब बन गया है, तो एक हफ्ता भी ठीक से रहा नहीं और मेन पाइप से पानी लिक हो रहा है पाइप फट गया है इससे साफ जाहिर होता है कि कितना घटिया क्वालिटी का सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है बार-बार जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के द्वारा शिकायत किया जा रहा है लेकिन ठेकेदार सुनने को तैयार नहीं है सरकार कितना उम्मीद के साथ इस योजना को धरातल पर लाई कि गरीब दुखियारी, भोले भाले जनता लोगों के घर तक जल पहुंचे लेकिन ठेकेदार एवं विभाग के द्वारा सरकार को बदनाम करने की साजिश रची जा रहा है।

## कोलेबिरा के लचरागढ़ एक मजदूर का शव मिला शव,जांच में जुटी पुलिस

**कोलेबिरा ।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र में एक मजदुर का शव संदिग्ध हालात में इंदटांड लचरागढ़ जाने वाली सड़क पर मिला आशंका जताई जा रही है कि वृद्ध व्यक्ति की किसी से कहासुनी हुई होगी हालांकि यह संशय बना हुआ है । इधर पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन के क्रम में शव की शिनाख्त राजू टोली सोकोरला निवासी मंगरनाथ चीक बड़ाईक पिता हरनाथ चीक बड़ाईक उम्र लगभग 53 वर्ष के रूप में करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया ।मिली जानकारी के अनुसार अमरनाथ लचरागढ़ में रहकर मजदूरी का कार्य किया करता था उनके पुत्र ने बताया हमलोग राजू टोली में रहते हैं और मेरे पिता लचरागढ़ में रहकर मजदूरी का कार्य किया करते थे मेरे पिता के मौत कैसे हुई इसकी जानकारी नहीं है। इधर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाते हुए परिजनों को सौंप दिया है साथ ही उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।

## सिमडेगा मे खुला इवेंट ऐंड कैटरिंग सर्विसेज

**सिमडेगा।** बीरु भवन सिमडेगा में रांची के आरम्भ इवेंट ऐंड कैटरिंग सर्विसेज के ब्रांच का उद्घाटन हुआ।संत जेविय'कॉलेज के प्राचार्य डॉ एफ्रेम बा ने फीता काटकर संस्थान का उद्घाटन किया और शुभकामना दी। संस्थान के संचालक हर्ष वर्धन ने बताया कि आरंभ इवेंट्स में कैटरिंग,फ्लावर डेकोरेशन, ब्राइड ग्रूम एंट्री,जयमाला थीम वर्क, आर्टिस्ट(फोटोग्राफी/सिनेमेटोग्राफी, प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट,डांस ट्रूप और सेलेब्रिटी) आदि की सेवा प्रदान की जाएगी। आरंभ इवेंट्स की हेड ऑफिस रांची में है और ब्रांच बोकारो और आसनसोल में भी स्थित है। संचालक हर्ष वर्धन ने इवेंट मैनेजमेंट की पढ़ाई कोलकाता के NIEM से की है। हर्ष वर्धन संत जेवियर्स कॉलेज रांची के पूर्व छात्र भी रह चुके है।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

**जलडेगा।** ओडगा ओपी क्षेत्र के टाटी रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर रेलवे लाइन में एक वृद्ध महिला का शव मिला है ।मृतका की पहचान बुधनी केरकेट्टा के रूप में हुई। घटना के बाबत ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों ने द्वारा रेलवे लाइन में एक शव देखे जाने की सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस ने बिना देर किए घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और मामले पर पुछताज शुरू कर दी। जिसपर ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे से दुर्घटना के कारण वृद्ध महिला की मौत हो गई है, ग्रामीणों ने पुलिस को यह भी बताया कि ये महिला कुछ दिनों से टाटी के भिन्न भिन्न गांव में घूम रही थी और मांग कर खा रही है, बताया गया की घटना रविवार रात लगभग 8 से 9 बजे के बीच की है।

**आस्था**

### चातुर्मास को लेकर जैन मंदिर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

# जैन बड़ा मंदिर में चातुर्मास कलश की स्थापना की गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** दिगम्बर जैन समाज के सानिध्य में जैन बड़ा मंदिर के प्रांगण में भव्य वर्षा योग, चातुर्मास कलश की स्थापना हुई । जैन संत श्री 108 विशुद्ध सागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक श्रमण मुनि गुरुदेव श्री 108 सुयश सागर जी के चरणों में समाज के पदाधिकारियों ने श्रीफल अर्पित कर चातुर्मास की स्वीकृति ली। कार्यक्रम का संचालन राज छाबड ने किया। स्वागत भाषण कार्यक्रम के संयोजक नरेंद जैन झांझरी ने दिया। अभिषेक जैन शास्त्री ने कलश स्थापना, पूजन विधान का कार्य किया। जैन भजन गायक सुबोध जैन गंगवाल, नवीन जैन पांड्या ने अपने भजनों से पूरे कार्यक्रम से सभी को भक्ति की सागर में डूबा दिया। सभी लोग गुरु भक्ति में आनंदित थे। पूरे भारतवर्ष और झारखंड से आए भक्तों ने गुरुदेव को श्रीफल भेंट किया। सर्वप्रथम प्रातः ध्वजारोहण देवेन्द्र-वीणा काला परिवार ने किया। मंडप उदघाटन कर्ता सुशील-राज, सुनील जैन छाबडा, दीप प्रज्वलित कर्ता राजकला-प्रेमा जैन काला ने किया। प्रथम मुख्य कलश की स्थापना पवन जैन सेठी, अजित जैन पांड्या को मिला। गुरुदेव के चरण धोने का सौभाग्य कोडरमा के सुरेन्द जैन काला को मिला। वस्त्र देने का सौभाग्य मूलचंद सुशील कुमार छाबड़ा परिवार को मिला। इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा कि भक्तों के पुण्य के उदय से चातुर्मास होता है। पूरे देश मे शहर तो कई है लेकिन जिस नगर का पुण्य होता है वहीं जैन संत का चातुर्मास होता है। आप सबो ने चातुर्मास कलश स्थापना तो कर दिया अब आप सब को इस चातुर्मास में तप, त्याग और संयम को ओर बढ़ाना है। तभी ये चातुर्मास सफल और ऐतिहासिक होगा। इस अवसर पर मंत्री ललित जैन सेठी ने बताया कि चातुर्मास मंगल कलश विश्व शांति व विश्व का कल्याण के उद्देश्य चार माह धर्म की गंगा के साथ भव्य स्वर्णिम वषायोग के निर्विघ्न सानंद संपन्न होने की मंगल कामना को लेकर स्थापित किए जाते हैं। चातुर्मास कलश स्थापना के उपरांत समाज के प्रत्येक परिवार ने भी अपने अपने कलश विराजमान कर मंगल कामना की। मुख्य रूप से उपस्थित दुर्ग, हजारीबाग, बारसोई, गोंदिया, भाटापारा, रांची, जसपुर के अलावा देश के कई शहरों से सेकड़ो भक्त उपस्थित हुए। इस चातुर्मास कलश स्थापना में संयोजक नरेंद्र झाझंरी, सह संयोजक सुनीता सेठी, ममता सेठी, राजीव छाबडा, सुमित जैन, मनीष जैन सेठी, दिलीप जैन बाकलीवाल, सुशील पंड्या, विनोद अजमेरा , जैन युवक समिति के सभी टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया। यह सभी जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी नवीन जैन राजकुमार अजमेरा ने दी।

# अनुशासन व संस्कार के बगैर अधिक लाड़-प्यार बर्बाद कर देता है बच्चों का भविष्य





**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

बालक के प्रति स्नेह रखना चाहिए। उनके बढ़ते उम्र के साथ संस्कार और अनुशासन की शिक्षा आवश्यक है। अनुशासन और संस्कार के बगैर अधिक लाड़-प्यार बच्चों का भविष्य बर्बाद कर देता है। बच्चे जब बड़े हो जाएं तो उनसे भाई जैसा व्यवहार करना चाहिये। जीयर स्वामी ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में आत्मदेव द्वारा अपने पुत्र धुंधकारी को अत्यधिक लाड़-प्यार के कारण उसका महाखल बन जाने की चर्चा की। उन्होंने कहा कि धुंधकारी शराबी, जुआरी और वेश्यागामी बन गया। वह अपने माता-पिता को मारने पर उतारू हो जाता था। आत्मदेव का मंदिर जैसा घर श्मशान बन गया। वे काफी चिंतित थे। गोकर्ण उनकी चिंता का कारण जान उपदेश देने लगे। स्वामी ने कहा कि जो नश्वर है, उसे शाश्वत मान लेना और शाश्वत को नश्वर मान लेना ही तो अंधकार है। शास्त्रों में अंधकार को अज्ञान, अविवेक इत्यादि नाम दिये गये हैं। अंधकार या अज्ञान में वस्तु का यथार्थ ज्ञान नहीं होता। आध्यात्मिक दृष्टि से विनाशी को अविनाशी माना लेना, क्षणिक को शाश्वत मान लेना, पराये को अपना मान लेना इत्यादि बातें रात्रि के अंधकार सदृश हैं। सांसारिक जीव अंधकार में ही सोते हैं लेकिन योगी-यति इसमें नहीं सोते। गीता कहती है- या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी। इसी तथ्य को रामचरित्र मानस में इन चौपाइयों में प्रस्तुत किया गया है। मोह निशा सब सोवन हारा, देखहिं स्वप्न अनेक प्रकारा। एहि जग जामिनि जागहिं जोगी, परमारथ प्रपंच वियोगी। जब परिवार आप से आकांक्षा न रखे तो परिवार से मुंह मोड़ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी वस्तु के अभाव अथवा प्रतिक्रिया से लिया गया वैराग्य स्थायी नहीं होता। सब कुछ रहने के बाद भी मर्यादित जीवन जीना वैराग्य है। समस्त संसाधनों की उपलब्धता के बावजूद उनके प्रति निर्लिप्त भाव वैराग्य है।

### प्रेमी ने रांची से लाकर फेंका था, झगड़े के बाद कर ली थी खुदकुशी

# जंगल से बरामद हुए महिला के शव की गुत्थी सुलझी



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकनी से रिचुघुटा जानेवाली सड़क पर केंदुवाही जंगल से बरामद महिला के शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। बरामद शव की पहचान रेखा देवी, पति लालदेव महतो करकट (बीजुपाड़ा) थाना चान्हो, जिला रांची के रूप में की गई है। पुलिस ने मृतका के प्रेमी लातेहार जिला के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत रांकिकला निवासी ठेकेदार जवाहर राम, पिता सुखारी राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार ने बताया कि बीती 28 जुलाई को थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकनी से रिचुघुटा जाने वाले पथ पर केंदुवाही जंगल से एक महिला का शव बरामद किया गया था। महिला के शव की पहचान करने को लेकर चंदवा पुलिस की ओर से जगह-जगह पोस्टर चिपकाये गए थे। इसी क्रम में लोहरदगा जिले के बड़कीचांपि निवासी मुकेश महतो ने उक्त महिला की पहचान रेखा देवी के रूप में की। लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार कांड के उद्भेदन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम को इन्वेस्टिगेशन के दौरान पता चला कि मृतका रांची में रहकर लातेहार जिला के मनिका थाना अंतर्गत रांकिकला निवासी ठेकेदार जवाहर राम के साथ मजदूरी का काम करती थी। ठेकेदार के साथ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। जवाहर राम पहले से ही शादीशुदा था। मृतका उसके साथ अपना जीवन यापन गुजारना चाहती थी, जबकि ठेकेदार सिर्फ उसका इस्तेमाल कर रहा था। बीती 27 जुलाई को इन्हीं सब बातों को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। झगड़े के बाद जवाहर राम अपने गांव रांकिकला चला गया। इधर आवेश में आकर महिला ने अपने किराये के मकान में ही दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही ठेकेदार अपने सहयोगी रांकिकला निवासी श्यामलाल मोची के साथ चार पहिया वाहन से रांची पहुंचा और मृतका के शव को फंदे से उतारा। जवाहर राम व उसके सहयोगी श्यामलाल ने महिला के शव को गाड़ी में लादकर चंदवा पहुंचे और उसके शव को छुपाने की नियत से केंदुवाही जंगल की झाड़ियों में फेंक दिया। आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस आरोपी के निशानदेही पर उसके घर से महिला का एंड्रॉयड मोबाइल और उसका कटा हुआ दुपट्टा भी बरामद कर लिया है। पुलिस जवाहर राम के सहयोगी श्यामलाल मोची और शव को लाने में इस्तेमाल किये गए चार पहिया वाहन को बरामद करने के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को विभिन्न धाराओं के तहत जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार, पुअनि नारायण यादव, पुअनि कुंदन कुमार, पुअनि दिव्यप्रकाश, पुअनि धर्मेंद्र कुमार महतो समेत सैट 202 सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## कोल वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा** टंडवा थाना क्षेत्र में मंगलवार को आम्रपाली कोल परियोजना से निकल रहे कोलवाहन जेएच 02 एवी 2051 की चपेट में आने से दोपहिया वाहन चालक बड़गांव निवासी 42 वर्षीय प्रदीप महतो पिता झरी महतो की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं इस घटना में दोपहिया वाहन पर सवार चांदनी देवी पति चंदन महतो तथा दो माह का नवजात बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रदीप अपनी पुत्री को दोपहिया वाहन पर बिठाकर ससुराल पहुंचाने के लिए चतरा की ओर जा रहा था, इसी दौरान टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ में लकडाही. मोड़ के समीप कोलवाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। वहीं सूचना मिलते हीं पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया तथा उक्त कोल वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं पुलिस इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने मृतक के शव को अन्त्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजते हुए अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुट गए।

## संदिग्ध स्थिति में कुएं से वृद्ध का शव बरामद हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर** सदर थाना क्षेत्र के रमटुण्डा गांव के स्वर्गीय खीरु साव के कुएं से एक वृद्ध का शव मंगलवार को पुलिस ने संदेहास्पद स्थिति में बरामद किया है। वृद्ध की पहचान गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के नीचे टोला निवासी 60 वर्षीय नान्हू साव के रूप में की गई है। ग्रामीणों के सूचना पर पुलीस कुएं से शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। बताया गया नान्हू साव बीते सोमवार के शाम रमटुण्डा गया था। मंगलवार की सुबह स्वर्गीय खीरु साव की पत्नी कुएं में नान्हू साव के शव होने की जनकरी परिजनों की दी। जानकारी मिलते ही परिजन पहुंचा तो नंगे अस्था में कुएं में शव पड़ा था। इस संबंध में परिजन ने हत्या कर कुएं में डाल देने का आरोप लगया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

## पासवान समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका** प्रखंड मुख्यालय स्थित समुदायिक भवन मनिका के प्रांगण में पासवान समाज की बैठक पासवान समाज के प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने की। पासवान ने बालूमाथ निवासी सह लातेहार जिला पासवान समाज के संरक्षक सुरेश राम के ऊपर 30 जुलाई को जानलेवा हमला तथा मारपीट किए जाने की घोर निंदा की।

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पासवान समाज अब ब्राम्हण समाज से अपने निजी कार्य जैसे पूजा, पाठ, गृह प्रवेश या अन्य प्रकार से संबंधित कार्य नहीं कराएंगे। यह भी शपथ ली कि अपने गांव में ब्राह्मण समाज को घुसने नहीं देंगे। साथ ही पुरजोर तरीके से ब्राह्मण समाज के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे एवं मांग करते हैं कि सत्येंद्र पांडे एवं मारपीट में शामिल परिजन पर पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें और दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। नहीं तो पासवान समाज आंदोलन करने को बाध्य होगा। मौके पर विशाल पासवान, पिंटू पासवान, चिंटू पासवान, सुरेश पासवान, सुंदर पासवान, अखिलेश पासवान, विष्णु जय पासवान, रंजीत पासवान, अशोक पासवान, रंजीत पासवान, आनंद पासवान, नंदन पासवान, तारकेश्वर पासवान, अनिल कुमार, मुनील पासवान, ज्ञानचंद पासवान, नीरज पासवान, रविंद्र पासवान आदि मौजूद थे।

## दुकानदारों ने अंचलाधिकारी को आवेदन सौंपा




**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** प्रखंड अंतर्गत फुलसु ग्राम स्थित बाजार टांड के 40 से भी अधिक दुकानदारों ने अंचल कार्यालय से प्राप्त नोटिस के आलोक में मंगलवार को अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी को आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से फुलसु बाजारटांड के दुकानदारों ने बताया कि बीते सोमवार को अंचल कार्यालय से हम सबों को अतिक्रमण के संबंध में नोटिस प्राप्त हुआ था। दुकानदारों को बताया गया था कि आप सभी बाजार टांड स्थित अतिक्रमण भूमि के संबंध में कागजात प्रस्तुत करें नहीं तो एक तरफा कारवाई होगी। बताया कि फुलसु बाजार 1950 से लग रहा है। उस समय बालूमाथ अंचल व थाना द्वारा बाजार लगाने के लिए लोगों को झोपड़ी बनाकर दिया गया था। लगभग 70-75 वर्ष से फुलसु बाजार टांड में विभिन्न दुकानें लगाई जा रही हैं। यदि सभी को दुकान से हटाया जाता है तो 40/45 घर के परिवार पलायन करने पर विवश हो जाएंगे। इसलिए हम सभी को अपने-अपने स्थान पर रोजगार करने दिया जाय। इस सबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि झारखंड में भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 (बिहार एक्ट 15 के उप-धारा 2) के तहत फुलसू के 45 झोपड़पट्टी दुकानदारों को अतिक्रमण भूमि से संबंधित नोटिस दिया गया था। मंगलवार को सभी उपस्थित हुए। कुछ लोगों के द्वारा बाजार के जमीन को अतिक्रमण कर पक्का मकान निर्माण किए गए हैं और कर रहे हैं। उन्हें दुबारा नोटिस किया गया है। झोपड़पट्टी दुकानदार अपने अनुसार दुकान चलाते रहे। आवेदन सौंपने वालों में मो बेलाल, विजय सिंह, तिलक मांझी, सुरेश साव, मो अय्युब, कैलाश राम, रबानी मियां, जयदीप सिंह, नवदीप सिंह, अमित सिंह, सुखदेव साव, बनवारी साव, अमर साव, सुनिल उरांव, मो मोजिब, दशरथ ठाकुर, मो मोईन सहित 40 से अधिक लोग शामिल थे।

### धर्म-कर्म | अनुयायियों ने किया सत्संग का आयोजन

# 'गुरु के बिना दुर्बल होता है मनुष्य'



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ठाकुर अनुकूलचंद्र के अनुयायियों ने जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में विशेष सत्संग का आयोजन किया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक धृतिसुंदर लाल ने कहा कि सद्गुरु ही भगवान के साक्षात रूप होते हैं जो अभी वर्तमान पुरुषोत्तम ठाकुर अनुकूलचंद्र हैं। उन्होंने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि गुरु के आदेश का पालन करना सभी शिष्यों का कर्तव्य होता है। उन्होंने यजन, याजन, इष्टभृति तथा सुबह व शाम में विनती प्रार्थना करने व सतनाम का स्मरण करने पर बल दिया। मनुष्य गुरु के बिना दुर्बल हृदय का होता है। दुर्बल हृदय में भक्ति का स्थान नही होता है। गुरु को ग्रहण कर मनुष्य सबल हृदय का हो जाता है। ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि गुरु सर्वदेवमय होते हैं गुरु में अहंकार,स्वार्थचिन्ता तथा अप्रेम नहीं होता है। वे सभी जीवों से प्रेम करते हुये सभी को सत्मार्ग पर चलने का पथ दिखाते हैं। सद्गुरु में सभी देवी देवताओं का वास होता है। उन्होंने ज्ञानी व भक्त के बारे में कहा कि ज्ञानी अविश्वासी हो सकता है, लेकिन भक्त पूर्ण रूपेण विश्वासी होता है। भक्त सिर्फ गुरु के आदेश का पालन निःसंकोच भाव से विश्वास के साथ करता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि गुरु ही भगवान का दर्शन कराते हैं। उन्होंने आगामी 5 नवंबर को ठाकुर के होने वाले जन्मोत्सव की तैयारी तथा गढवा में ठाकुर के मंदिर निर्माण के लिये सहयोग पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में अजय दा, राजकुमार, शक्तिदास सिन्हा,अशोक दा, गोविंद दा, प्रमोद चौबे, ब्रजेश तिवारी, श्रीकांत, धृतिदीप्त, प्रभा देवी, रमा देवी, वृंदा देवी, पूजा देवी, गीता देवी, मधु कुमारी, रिशु, सिमरन सहित विभिन्न क्षेत्रों के सत्संगी उपस्थित थे।

## 'बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संगठन होगा मजबूत'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर गढ़वा जिला के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि मरांडी एक कुशल संगठनकर्ता रहे हैं। निश्चित रूप से उनके नेतृत्व में भाजपा झारखंड प्रदेश में एक नई ऊंचाई को प्राप्त करेगी। आनेवाले 2024 में भाजपा मरांडी के नेतृत्व में लोकसभा एवं विधानसभा के चुनावों में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा। कार्यकर्ताओं में नया ऊर्जा का संचार होगा। उम्मीद ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि झारखंड में भाजपा अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगी। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मरांडी को सभी कार्यकर्ताओं की ओर से बधाई। बधाई देने वालों में भाजपा मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, मीना गुप्ता, प्रदीप पासवान, सुरेंद्र विश्वकर्मा, सुप्रित केशरी, अविनाश पासवान, राजीव रंजन पासवान, उमेश कश्यप, नसरुद्दीन अंसारी, अनीता गुप्ता, अखिलेश उरांव, राकेश शंकर गुप्ता, उदय कुशवाहा, रामसकल कोरवा, नवीन जायसवाल, संजय जायसवाल, अनवर शाह आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## संक्षिप्त

### पदाधिकारी कराएंगे युवकों को डिफेंस की तैयारी

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड थाना क्षेत्र के वैसे विद्यार्थी जो मैट्रिक व इंटर स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं उन्हें मयूरहंड थाना व प्रखंड पदस्थापित पदाधिकारी बहुमूल्य समय देकर तैयारी करवाएंगे। प्रथम बैच की शुरुआत 10 जुलाई से की जाएगी। डिफेंस की तैयारी योग्य व अनुभवी सरकारी कर्मियों द्वारा कराया जायेगा। इस कार्य में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस अवर निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यार्थियों को शिक्षण व प्रशिक्षण देंगे और परीक्षा में उत्तीर्ण होने का गुर सिखाएंगे।

### वज्रपात से दुधारू गाय व बछड़े की मौत

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के दुआरी गांव में वज्रपात के चपेट में आने से एक दुधारू गाय व एक बछड़े की मौत हो गई। बताया गया कि दुआरी गांव निवासी पिंटू साहू की दुधारू गाय व बछड़ा घर के सामने पेड़ के नीचे खड़ा था। तभी अचानक तेज बारिश के साथ अचानक वज्रपात हो गई। पीड़ित किसान ने अंचल प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

### यादव महासभा के युवा जिलाध्यक्ष बने बच्चन

**मनिका।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा बच्चन कुमार यादव को लातेहार जिला का नव नियुक्त युवा जिलाध्यक्ष बनाया गया। सोमवार को पचफेड़ी शिव मंदिर के प्रांगन में समारोह आयोजित कर प्रांतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष वृद्धबिहारी यादव, प्रांतीय यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर यादव समेत कई लोगों ने बच्चन कुमार यादव को मिठाई एवं माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर बली प्रसाद यादव, राजद नेता जितेन्द्र यादव, पूर्व उप प्रमुख उमेश प्रसाद यादव, बालकेश यादव, संजय यादव, जितेन्द्र यादव, अखिलेश यादव, गुलाब यादव, सुनील यादव, लव यादव, नंदन यादव, राहुल यादव, अंकित राज , सतीश यादव, सयलोक यादव आदि मौजूद थे।

### पंचायत सचिव की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत मंझगांवां पंचायत में दो माह से पंचायत सचिव नहीं रहने को लेकर मुखिया सरिता देवी ने बीडीओ संजीत कुमार सिंह को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि दो माह से प्रभारी पंचायत सचिव के हड़ताल में चले जाने से पंचायत में कार्य अवरुद्ध हो गये हैं। बीडीओ ने कहा कि प्रभारी पंचायत सचिव दो दिन में प्रभार दूसरे पंचायत सचिव को नहीं देते है तो दंडाधिकारी की नियुक्ति कर विकास कार्यों को किया जायेगा।

### मरांडी को मंडल भाजपा कमेटी ने दी बधाई

**बालूमाथ।** भाजपा मंडल कमेटी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी को झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है। बधाई देने वालों में से भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, गंगेश्वर यादव, विजय गुप्ता, पवन यादव, अखिलेश भोक्ता, रघुनंदन सोनी, महावीर तूरी, राम कुमार गुप्ता, मोनू पासवान, मंजू देवी, मंजू देवी, रंजीत गुप्ता, राजकुमार प्रसाद, अनूप वर्मा, संतु भगत, देवनंदन प्रसाद, दिनेश साव, राजेश प्रजापति, सत्यनारायण साव, राजेश प्रसाद, विजय ठाकुर आदि शामिल हैं।

### केवि के बाल वाटिका-3 में नामांकन 6 से

**लातेहार।** केंद्रीय विद्यालय लातेहार के बाल वाटिका -3 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन आगामी 6 जुलाई से 18 जुलाई तक जमा किया जा सकता है। इस आशय की जानकारी प्राचार्या देवनिसिया तिर्की ने दी। उन्होंने बताया कि बाल वाटिका-3 में नामांकन के लिए छात्र व छात्राओं की उम्र 31 मार्च 2023 को पांच वर्ष से अधिक लेकिन छह वर्ष से कम होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि बाल वाटिका-3 में अधिकतम 40 छात्रों का नामांकन होगा और इसमें एकल बालिका के तहत प्रवेश का प्रावधान नहीं है। प्राचार्या ने बताया कि प्रवेश की सभी शर्तें केंद्रीय विद्यालय संगठन के संशोधित प्रवेशिका दिशा-निर्देश 2023-24 के अनुसार लागू होंगी।

### मानदेय वृद्धि को लेकर की गई बैठक

**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार परिसर में मंगलवार को वर्ग 6 से 8 में कार्यरत सहायक अध्यापकों के 4 प्रतिशत मानदेय वृद्धि हेतु प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के राज्य परियोजना निदेशक के निर्देश के आलोक में प्रखंड प्राधिकार समिति की बैठक की गई। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम प्रवेश यादव एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी रिशी कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के 20 सहायक अध्यापकों की सेवा संपुष्टि वर्ग 6 से 8 वर्ग के लिए की गई। मौके पर उप प्रमुख निशा शाहदेव, बीपीओ बिरेंद्र भगत, कोआर्डिनेटर प्रकाश कुमार, संजिव कुमार, इश्वरी कुमार, नागेंद्र कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित रहे।

### मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर दी बधाई

**बरवाडीह।** झारखंड प्रदेश कमेटी के नए अध्यक्ष के रूप में बाबूलाल मरांडी की नियुक्ति पर पार्टी के नेताओं ने खुशी जताई है। बधाई देने वालों में मंडल कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के साथ-साथ जिप सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप सिंह यादव, विवेक कुमार सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सखीचंद प्रसाद, प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास सिंह, पारस जायसवाल, हेमंत कश्यप, नीरज सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हैं।

### मगध न्यू जीएम व पीओ का किया स्वागत

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के संघमित्रा एरिया अंतर्गत संचालित सीसीएल के मगध कोल माइंस के नए जीएम नृपेंद्र नाथ एवं न्यू पीओ एस. सतनारायण को गणेशपुर पंचायत के मुखिया परमेश्वर उरांव एवं उनके साथ पंचायत के रवि प्रकाश, शंभू प्रसाद, पवन कुमार ने बुके देकर भव्य स्वागत किया।

# यादगार शादी संदेश

***झारखंड*** के पलामू में एक शादी पिछले दिनों यादगार बन गयी। जहां पर दूल्हा एम्बुलेंस से विवाह स्थल पर आया फिर स्ट्रेचर की मदद से उसे मंडप तक पहुंचाया गया। इस प्रकार पलामू में सपनों को मिला एक नया नाम। दूल्हे के इस जज्बे की हर तरफ जमकर तारीफ हो रही है। जानकारी के अनुसार गढ़वा जिले के कांडी गांव निवासी सुदर्शन मिश्रा के पुत्र चंद्रेश मिश्रा का विवाह चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पनेरी बांध निवासी मिथिलेश मिश्रा की पुत्री प्रेरणा मिश्रा के साथ होनी थी। इसी बीच शादी के कुछ दिन पहले ही चंद्रेश मिश्रा का सड़क दुर्घटना में एक पैर फ्रैक्चर हो गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चंद्रेश के घायल होने पर घर के सभी लोग चिंतित हो गये सभी ने कहा कि अब शादी के डेट को बढ़ाना पड़ेगा। परंतु चंद्रेश मिश्रा ने परिजनों से कहा कि चिंता करने की कोई बात नहीं है,शादी का डेट जिस दिन रखा गया है,शादी उसी दिन होगी। चंद्रेश की बात को मान कर घर वालों ने भी उसी डेट में शादी करने का फैसला लिया। अपनी शादी के दिन चंद्रेश एक एंबुलेंस मंगवाया और उसी से शाहपुर कोयल नदी स्थित कोयल रिवर ब्यू होटल में शादी के मंडप में शादी करने पहुंच गया। यह नजारा देख उपस्थित लोग दंग रह गये। शादी में आये सभी मेहमान व साथियों ने चंद्रेश मिश्रा की जमकर तारीफ की। बहरहाल शादी करना लड़का और लड़की का एक सपना होता है। शादी में हमसफर को लेकर कहीं भी अजीबोगरीब हलचल मची रहती है। हर लड़की चाहती है कि उसकी जिन्दगी में ऐसा लड़का सेहरा सजाकर आये,जो कि न केवल उसकी ख्वाहिशें पूरी करे बल्कि उसका सम्मान भी करे। कई बार यह देखा गया है कि शादी मंडप या फिर स्टेज पर भी रिश्ते टूटते देखे गये हैं। यही कारण है कि कई लोग अच्छा जीवनसाथी पाने के लिए भगवान की शरण में जाते हैं। पिछले दिनों एक खबर आयी थी कि दुल्हन बीमार हुई तो दूल्हा बारात लेकर अस्पताल पहुंच शादी की। समाज का स्वरूप बदल रहा है। लेकिन यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि आज भी एक दूसरे को सच्चे हृदय से चाहने वालों की कमी नहीं है। कहने का अभिप्राय यह कि आज भी अच्छे लोगों की संख्या समाज में ज्यादा है। यह दीगर बात है कि हम वैसे लोगों को देख नहीं पाते हैं। यह दुनिया बहुत खूबसूरत है। बस उसे देखने के लिए आंखें होनी चाहिए। रिश्ते अगर जुड़ गये तो हालात जैसे भी हों,तोड़े नहीं जाते हैं। यहां चंद्रश ने वही कर दिखाया है। निश्चित रूप से यह शादी आदर्श शादी के रूप में वर्षों याद की जायेगी। वैसे भी लड़की वालों की मनोदशा का अंदाजा लगाना इतना आसान नहीं है। कारण वह सब कुछ दांव पर लगाकर अपनी लड़की की शादी करता है। अगर कहीं कोई व्यवधान होता है तो उसके उपर क्या गुजरती है,वह वहीं जानता है। ऐसे में यह शादी यह बताती है कि आज भी रिश्ते की कद्र करने वालों की कोई कमी नहीं है। बस उसे देखने वालों की दृष्टि चाहिए। शादी दो बंधनों का अटूट रिश्ता है। हालात जैसे हों,निभाने वाला निभा जाता है। बस देखती रहती है दुनियां। देखा जाये तो आज भी कई शादियां आदर्श शादी की छाप छोड़ जाती हैं। बस रह जाती हैं उनकी यादें। विवाह जिसे शादी भी कहा जाता है,दो लोगों के बीच एक सामाजिक या धर्मिक मान्यता प्राप्त मिलन है जो उन लोगों के बीच,साथ ही उनके और किसी भी परिणामी जैविक या दत्तक बच्चों तथ समधियों के बीच अधिकारों और दायित्वों को स्थापित करता है। जिसे आज हमलोग उत्सव भी कह सकते हैं।बदलते समाज और उसकी सोच जो समाज में अच्छा मैसेज देती हैं,उन्हें सराहना सब ओर मिलनी चाहिए।

**अपनी शादी के दिन चंद्रेश एक एंबुलेंस मंगवाया और उसी से शाहपुर कोयल नदी स्थित कोयल रिवर ब्यू होटल में शादी के मंडप में शादी करने पहुंच गया। यह नजारा देख उपस्थित लोग दंग रह गये।**

# आयकर सर्वेक्षण के संबंध में अधिकार





नारायण जैन

***भारत*** में कर प्रणाली हमेशा ही आम लोगों के लिए एक जटिल और अबूझ पहेली बनी रहती है। यही वजह है कि जीविकोपार्जन करने वाले लोगों से जुड़ी आयकर प्रणाली के बारे में भी ज्यादा जानकारी नहीं होती। देश के आयकरदाता के एक बड़े वर्ग को आयकर की याद आमतौर पर जुलाई के महीने में आती है, जब टैक्स रिटर्न फाइल करने का आखिर समय आता है। नौकरीशुदा लोगों को अपने ऑफिस में अप्रैल के महीने में इनवेस्टमेंट प्रोजेक्शन जमा करते वक्त और फरवरी में एक्चुअल इनवेस्टमेंट डिटेल जमा करते वक्त भी इसकी याद आती है। लेकिन आयकर जमा करने वाले लोगों के एक बड़े वर्ग के लिए आयकर से जुड़ी प्रक्रिया एक जटिल पहेली के समान होती है। इसलिए सबसे ज्यादा जरूरी प्रक्रिया को समझने की है। लोग जितना ज्यादा इस प्रक्रिया को समझेंगे, उतना ही उसमें कम गलतियां होने की संभावना बनेगी। ध्यान दें तो ज्यादातर लोगों को ये ही पता नहीं होता है कि आयकर सर्वेक्षण का तात्पर्य क्या होता है। आइये इससे जुड़े प्रावधानों, अधिकारों और अधिकारियों की शक्तियों के बारे में जानते हैं।

आयकर अधिकारियों (आयकर निरीक्षक के अलावा) के पास धारा 133ए के तहत सर्वेक्षण के संबंध में निम्नलिखित शक्तियां हैंः सर्वेक्षण स्थल पर उपलब्ध खाते की पुस्तकों या अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण करना। वे पहचान चिह्न लगा सकते हैं और उसके उद्धरण और प्रतियां बना सकते हैं।

वे सर्वे स्थल पर नकदी, स्टॉक या अन्य मूल्यवान वस्तुओं या चीजों की जांच या सत्यापन कर सकते हैं। वे ऐसी संपत्तियों की सूची बना सकते हैं। वे ऐसी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जो आयकर कार्यवाही के लिए उपयोगी या प्रासंगिक हो सकती है, जिसे अंतिम रूप दिया जा चुका है या जो लंबित हो सकती है या सर्वेक्षण की तारीख के बाद शुरू की जा सकती है।

वे आयकर अधिनियम के तहत कार्यवाही से संबंधित किसी भी व्यक्ति का बयान दर्ज कर सकते हैं।

आयकर प्राधिकारी किसी समारोह, समारोह या कार्यक्रम के संबंध में एक निर्धारिती द्वारा किये गये व्यय की प्रकृति और पैमाने को ध्यान में रखते हुए प्रासंगिक जानकारी मांग सकता है। वे इस संबंध में निर्धारिती या किसी व्यक्ति का बयान भी दर्ज कर सकते हैं, लेकिन इन अधिकारों का प्रयोग केवल समारोह या कार्यक्रम के बाद ही किया जा सकता है। आपको बता दें कि आयकर निरीक्षक के पास इन अधिकारों में से केवल उपरोक्त (4) और (5) के संबंध में अधिकार है। इस प्रकार यदि कोई निरीक्षक शपथ पर बयान दर्ज करता है या नकदी या स्टॉक सूची तैयार करता है, तो वह अपनी शक्ति से परे कार्य करता है और इसे अवैध माना जायेगा। (आयकर अधिकारी बनाम ज्वेल्स एम्पोरियम 48 आईटीडी 164 इंदौर ट्रिब्यूनल)। सबसे अहम बात, जिसे हर आयकरदाता को जानना चाहिए, वो ये है कि आयकर अधिकारियों के पास सर्वेक्षण के दौरान किसी

**धारा 133ए (3) के अनुसार सर्वे के दौरान अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किये गये खाते की पुस्तकों या अन्य दस्तावेजों को जब्त करने का अधिकार है। लेकिन आयकर निरीक्षक को यह अधिकार नहीं है।**

## इन दिनों

भी नकदी, स्टॉक या अन्य मूल्यवान वस्तुओं या चीजों को हटाने या जब्त करने का या ले जाने का अधिकार नहीं है। ऐसी शक्तियां केवल तलाशी और जब्ती के दौरान ही उपलब्ध होती हैं।

2. कोई भी स्थान, जहां धर्मार्थ उद्देश्य, शिक्षा, चिकित्सा और इसी तरह की अन्य गतिविधियां की जाती हैं, का भी आयकर प्राधिकरण द्वारा सर्वेक्षण किया जा सकता है।

3. धारा 133ए (3) के अनुसार सर्वे के दौरान अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किये गये खाते की पुस्तकों या अन्य दस्तावेजों को जब्त करने का अधिकार है। लेकिन आयकर निरीक्षक को यह अधिकार नहीं है। सर्वे के दौरान जब्त किये गये खाते की पुस्तकों या दस्तावेजों को रखने की अवधि 15 दिन (छुट्टियों को छोड़कर) है। इसे प्रधान मुख्य आयुक्त या निर्धारित प्राधिकारी के अनुमोदन से बढ़ाया जा सकता है।

4. सुभा और प्रभा बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड बनाम आयकर अधिकारी [2009] 318 आईटीआर 29 (कर्नाटक) के मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 342 आईटीआर 14 (कर्नाटक) में डिवीजन बेंच द्वारा पुष्टि की कि चूंकि जब्त करने का अधिकार कुछ दिनों के लिए है, विस्तार कुछ दिनों के लिए ही दिया जा सकता है, महीनों या वर्षों के लिए नहीं। विस्तार केवल एक बार दिया जा सकता है, बार-बार नहीं। धारा 131 के तहत यह निर्णय धारा 133ए के तहत पुस्तकों को जब्त करने के लिए भी उतना ही कारगर है।

5. धारा 133ए (2ए) के अनुसार आयकर अधिकारी टीडीएस/ टीसीएस प्रावधानों के अनुपालन को सत्यापित करने के लिए सर्वेक्षण कर सकते हैं। अधिकारी सूर्योदय के बाद और सूर्यास्त से पहले व्यावसायिक परिसर में प्रवेश कर सकते हैं।

**अति गोपनीय/ व्यक्तिगत डेटा**

6. टीडीएस/टीसीएस के लिए सर्वेक्षण के मामले में अनुपालन प्राधिकारियों को निम्नलिखित अधिकार नहीं हैः

(ए) उनके द्वारा निरीक्षण किये गये खाते की पुस्तकों और अन्य दस्तावेजों पर पहचान के निशान लगाने के लिए और ऐसे प्राधिकारी उद्धरण या प्रतियां नहीं बना सकते हैं।

(बी) सर्वे के दौरान निरीक्षण की गई लेखा पुस्तकों या किसी अन्य दस्तावेज को जब्त करने या ले जाने का अधिकार नहीं है। (सी) ऐसे सर्वे के दौरान जांची गई या सत्यापित किसी भी नकदी, स्टॉक या अन्य मूल्यवान वस्तु या चीज की एक सूची बनाने का अधिकार नहीं है।

7. श्रीमती रुमेना रहमान बनाम यूनियन ऑफ इंडिया के मामले में गौहाटी उच्च न्यायालय [2004] 265 आईटीआर 16 (गौ.) में कहा गया है कि सर्वेक्षण के स्थान से दस्तावेजों, बही-खातों, फाइलों आदि को हटाकर एक अलग कमरे में ताले और चाबी के नीचे रखा जाय और कमरे के प्रवेश द्वार पर एक पेपर सील लगाई जाय। तो ऐसा करना खाते की पुस्तकों को जब्त करने के समान है। **(लेखक, वरिष्ठ वकील और आयकर प्रणाली के जानकार हैं।)**

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा*

राजा बोले - हे साधो! पुत्र आदि की प्राप्ति की कामना से अपने बन्धु-बान्धवों के साथ मैं अतुल तेज सम्पन्न भगवान्‌ विष्णु का व्रत एवं पूजन कर रहा हूं। राजा की बात सुनकर साधु ने आदरपूर्वक कहा - राजन्‌ ! इस विषय में आप मुझे सब कुछ विस्तार से बतलाइये, आपके कथनानुसार मैं व्रत एवं पूजन करूंगा। मुझे भी संतान नहीं है। 'इससे अवश्य ही संतान प्राप्त होगी।' ऐसा विचार कर वह व्यापार से निवृत्त हो आनन्दपूर्वक अपने घर आया। उसने अपनी भार्या से संतति प्रदान करने वाले इस सत्यव्रत को विस्तार पूर्वक बताया तथा - 'जब मुझे संतान प्राप्त होगी तब मैं इस व्रत को करूंगा' - इस प्रकार उस साधु ने अपनी भार्या लीलावती से कहा। एक दिन उसकी लीलावती नाम की सती-साध्वी भार्या पति के साथ आनन्द चित्त से ऋतुकालीन धर्माचरण में प्रवृत्त हुई और भगवान्‌ श्रीसत्यनारायण की कृपा से उसकी वह भार्या गर्भिणी हुई। दसवें महीने में उससे कन्यारत्न की उत्पत्ति हुई और वह शुक्लपक्ष के चन्द्रमा की भांति दिन-प्रतिदिन बढ़ने लगी। उस कन्या का 'कलावती' नाम रखा गया। इसके बाद एक दिन लीलावती ने अपने स्वामी से मधुर वाणी में कहा - आप पूर्व में संकल्पित श्री सत्यनारायण के व्रत को क्यों नहीं कर रहे हैं? साधु बोला - प्रिये! इसके विवाह के समय व्रत करूंगा। इस प्रकार अपनी पत्नी को भली भांति आश्वस्त कर वह व्यापार करने के लिए नगर की ओर चला गया। इधर कन्या कलावती पिता के घर में बढ़ने लगी। तदनन्तर धर्मज्ञ साधु ने नगर में सखियों के साथ क्रीड़ा करती हुई अपनी कन्या को विवाह योग्य देखकर आपस में मन्त्रणा करके कन्या विवाह के लिए श्रेष्ठ वर का अन्वेषण करो - ऐसा दूत से कहकर शीघ्र ही उसे भेज दिया। उसकी आज्ञा प्राप्त करके दूत कांचन नामक नगर में गया और वहां से एक वणिक का पुत्र लेकर आया।

*(क्रमशः)*

# गैंगस्टरों की गैरकानूनी आजादी पर बुलडोजर की तैयारी


किशन भावनानी गोंदिया

***वैश्विक*** स्तरपर आज अनेक देश आतंकवाद, अपराध, हिंसा से जूझ रहे हैं इसका ताजा उदाहरण हम फ्रांस में भड़की हिंसा से समझ सकते हैं। बता दें हमारे पीएम 13 जुलाई को फ्रांस जाकर 14 जुलाई 2023 को बैस्टिल डे परेड में शामिल होंगे और 26 राफेल एंड (मरीन) लड़ाकू विमानों का सौदा होने की उम्मीद है। भारत घरेलू हिंसा से अधिक बॉर्डर क्षेत्रोंसे हिंसा घुसपैठ आतंकी हमलों सेअधिक पीड़ित है परंतु घरेलू हिंसा का मुख्य जरिया जेल में बंद बड़े-बड़े गैंगस्टर को भारतीय सुरक्षा एजेंसियां मानती है क्योंकि वह जेलमें बैठे-बैठे ही अपना रैकेट चलाते हैं,वसूली हिंसा हत्याओं को अंजाम देते हैं। पिछले कुछ वर्षों का आंकलन हम चार राज्यों की जेलों का करें तो मीडिया में बात सामने आती है कि वहां गैंगस्टरों द्वारा घटनाओं को अंजाम दिया जाता है।अगर कोई गैंगस्टर जेल में ही स्विमिंग पूल बना सकता है, मोबाइल वीडियो कॉलिंग मनमाफिक मुलाकात वीआईपी सुविधाएं ले सकता है तो मेरा मानना है वह उच्चस्तरीय और जेल प्रशासन से मिलीभगत के सिवाय नामुमकिन है। वैसे भी दिल्ली की नामी जेल में अनेकों वारदातें होती रहती है, परंतु पिछले महीनों एक टिल्लू नामक कैदी की हत्या जिस तरह सीसीटीवी मीडिया कैमरों में दिखाया गया उससे कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसीलिए ही उस केस में अनेक जेल अधिकारियों को उनके गृह राज्य वापस ट्रांसफर कर दिया गया था परंतु समस्या जस की तस बनी हुई है। इसीलिए अब राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) ने अनेकों गैंगस्टरों की लिस्ट बनाकर उन्हें कालापानी जिसकी चर्चा हम नीचे करेंगे और डिब्रूगढ़ जेल स्थानांतरित करने की सिफारिश गृह मंत्रालय को की है, जो कैदियों के लिए एक नर्क का स्थान है। हमने बचपन में कालापानी की सजा का नाम सुन चुके हैं परंतु इसका मतलब मालूम नहीं था जिसकी चर्चा आज हम करेंगे। वैसे भी भारतीय जिलों में उनकी क्षमता से लगभग दोगुनी से अधिक संख्या में कैदी बंद हैं। दिल्ली के प्रतिष्ठित जेल में ही 5200 के स्थान पर 13000 से अधिक कैदी बंद है तो अन्य बाकी जिलों का अंदाजा लगाया जा सकता है। चूंकि अभी एनआईए ने गृह मंत्रालय से अनेकों कैदियों को कालापानी भेजने की सिफारिश की है, इसलिए आज हम मीडिया और एक टीवी चैनल ने बताई जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अपराध से करोगे यारी तो कालापानी भेजने की होगी तैयारी, जिंदगी नर्क बनेगी सारी। साथियों बात अगर हम देश के बड़े गैंगस्टरों को कालापानी भेजने की प्लानिंग की करें तो, देश के हार्डकोर और दहशतगर्द गैंग्स्टरों को तिहाड़ जेल से निकालकर राजधानी से 3600 किलोमीटर दूर कालापानी जेल के नाम से फेमस अंडमान निकोबार की जेलों में शिफ्ट किया जायेगा।

**पिछले कुछ वर्षों का आंकलन हम चार राज्यों की जेलों का करें तो मीडिया में बात सामने आती है कि वहां गैंगस्टरों द्वारा घटनाओं को अंजाम दिया जाता है।**


## अपराध जगत

एनआईए की प्लानिंग पर अगर गृहमंत्रालय की मुहर लग जाती है तो वाकई में गैंग्स्टर्स के लिए वह काला दिन साबित होगा। हार्डकोर गैंग्स्टर्स और सरकारों के नाक में दम करने वालों की अब खैर नहीं है। यह खबर सुनकर देश में गैंग्स्टर्स लॉबी के बीच खलबली मच सकती है। उनके माथे पर चिंता की लकीरें खींच सकती हैं। क्योंकि गैंग्स्टर लॉबी के नेक्सस को तोड़ने के लिए एनआईए ने एक फुलप्रूफ प्लान बनाया है।

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# राकांपा की फूट से विपक्षी एकता को झटका


ललित गर्ग

***वर्ष 2024*** के चुनाव से पूर्व भारतीय राजनीति के अनेक गुणा-भाग और जोड़-तोड़ भरे दृश्य उभरेंगे। महाराष्ट्र में ताजा राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए तो ऐसा ही लगता है। वहां जो हुआ है उससे विपक्ष में खलबली है, घबराहट एवं बेचैनी स्पष्ट देखी जा सकती है, जो पटकथा महाराष्ट्र में लिखी गयी है, वही बिहार में भी लिखी जा सकती है। राजनीतिक दलों के भ्रष्टाचार को दबाने के लिये, सत्ताकांक्षा एवं आंतरिक असंतोष के चलते ऐसे समझौते, दलबदल एवं उल्टी गिनतियां अब आम बात हो गयी है। कल तक सत्ता पक्ष को कोसने वाले अजित पवार अपनी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से बगावत कर डिप्टी सीएम बन गए हैं। राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले शरद पवार की पार्टी का यह हश्र आश्चर्यकारी ही नहीं, बल्कि एक बड़ा विरोधाभास एवं विपक्षी एकता का संकट भी है। एक तरफ इस तरह के घटनाक्रम को राजनीतिक दलों में आंतरिक असंतोष व गुटबाजी से जोड़ा जा सकता है तो दूसरी तरफ सत्ता के उस स्वाद की आकांक्षा से भी, जिसे हर कोई पाना चाहता है। राजनीतिक दलों में बगावत का ऐसा दौर जब भी होता है इस बात को जोर-शोर से प्रचारित किया जाता है कि उनके दल में लोकतंत्र नहीं रहा इसलिए वे अपने विरोधियों से हाथ मिला रहे हैं। बड़ा प्रश्न है कि इस तरह राजनीतिक दलों से लोकतंत्र गायब होता रहा है, तो ऐसे अलोकतांत्रिक दल कैसे देश के लोकतंत्र को हांक सकेंगे? आजकल राजनीति में उल्टी गिनती एक 'सूचक' बन गई है, 'किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक ऊटापटक या घटनाक्रम की शुरूआत के लिए'। विभिन्न राजनीतिक दलों में ऐसी कई उल्टी गिनतियां चल रही हैं। कई कद्दावर नेताओं के सार्वजनिक/ भावी जीवन की उल्टी गिनतियां चल रही हैं। करोड़ों-अरबों के घोटाले और रोज कोई न कोई उसमें और पलीता लगाने वालों के नाम जुड़ रहे हैं। इन पर ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स की कार्रवाई की गिनती शुरू हो रखी है। किसी की भी हालत ठीक नहीं है। ये उल्टी गिनतियां परिचायक हैं कोई नया पर्दा उठने की, किसी नये विस्फोट की। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे नेताओं की कई उल्टी गिनतियां हुई, फलस्वरूप कई सरकारें गिरीं/बनीं/पर टिकी नहीं। अबकी बार कितनी दूर जायेगी-यह गिनती, पूरी होने पर ही मालूम होगा। पर कांप अभी से कई नेता रहे हैं। इसीलिये ऐसे बेमैल गठबंधन एवं ऊटापटक देखने को मिल रही है, आम चुनाव आने तक ऐसे तरह-तरह के परिदृश्य उभरेंगे। ऐसे में देखना होगा कि जांच एजेंसियां इन नेताओं के कथित भ्रष्टाचार के मामलों में आगे क्या करती हैं। बहरहाल, दलबदल भले ही महाराष्ट्र में हुआ हो, इसकी सबसे बड़ी चोट राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता पर पड़ी है। शरद पवार विपक्ष के सबसे कद्दावर नेताओं में हैं और विपक्षी एकता के प्रयासों में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में उनके पैरों के नीचे से उनकी लगभग पूरी पार्टी को खींच कर भाजपा ने यह संदेश दिया है कि विपक्षी नेता जो भी दावे करें, उनकी पार्टी ही उनके काबू में नहीं है। यह बहुत बड़ा संदेश है, जिसका जबाव तलाशना भी विपक्षी दलों के लिए जरूरी है। भाजपा एक सक्षम एवं ताकतवर पार्टी है, नरेन्द्र मोदी एवं अमित शाह करिश्माई राजनेता है, अनेकानेक विशेषताओं वाले इन दोनों नेताओं की एक बड़ी विशेषता यह है कि ये अपने साथ दगा करने, धोखा देने या विश्वासघात करने वालों को कभी माफ नहीं करते।

**कई कद्दावर नेताओं के सार्वजनिक/ भावी जीवन की उल्टी गिनतियां चल रही हैं। करोड़ों-अरबों के घोटाले और रोज कोई न कोई उसमें और पलीता लगाने वालों के नाम जुड़ रहे हैं।**

## राजनीति

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

### पंचायत चुनाव से पहले ब्लास्ट में दो बच्चे गंभीर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले बम विस्फोट के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कूचबिहार जिले में एक ब्लास्ट में दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दिनहाटा में बम फटने से चार लोग घायल हो गए जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। इन्हें दिनहाटा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। विस्फोट के कारणों की जांच की जा रही है।

मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे पुलिस को पता चला कि दिनहाटा के गोसानीमारी इलाके के छोटा नटबारी में चार-पांच बम धमाके हुए हैं। कूचबिहार के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सनी राज ने बताया कि इलाके के निवासी सत्तार मिया के घर पर विस्फोट हुआ। परिणामस्वरूप सत्तार और मुजफ्फर मिया नाम के दो वयस्क घायल हो गए। इसके अलावा धमाके में लतीफ मियां और लुत्फर मियां नाम के दो बच्चे भी घायल हो गए। उन्हें दिनहाटा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों घायल बच्चों की मां लुत्फा बीबी ने कहा कि कोई घर में बम छोड़ गया था। मेरे लड़के गेंद समझकर खेल रहे थे। इसमें मेरे दोनों बेटे घायल हो गए।

### सिंचाई कर रहे दो किसानों की गोली मारकर हत्या

**सुलतानपुर।** अखंडनगर थाना क्षेत्र के मरूई कृष्णदासपुर में बीती देर रात खेत की सिंचाई कर रहे दो किसानों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटनास्थल पर तनाव के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। सूचना पर एसपी सोमेन वर्मा व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल किया है। थाना क्षेत्र के मरूई कृष्णदासपुर किसान धर्मराज मौर्य और विजय कुमार राजभर की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन की तरह दोनों घर से भोजन कर रात में खेत पर पहुंचे और सिंचाई कर रहे थे। तभी बदमाश वहां पहुंचे और ताबड़तोड़ गोलियों से उन्हें भून दिया। अंधेरे का फायदा उठाकर हमलावर भाग निकले। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण अपने-अपने घरों से निकल कर खेत की ओर दौड़े। लेकिन जब तक गांव वाले पहुंचते बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले थे। ग्रामीणों ने सूचना थाने व एम्बुलेंस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस से दोनों किसानों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने किसान धर्मराज मौर्य और विजय कुमार को मृत घोषित कर दिया।

### एनओयू में 10 जुलाई से होगा नामांकन

**भागलपुर।** नालंदा खुला विश्वविद्यालय (एनओयू) के नए सत्र 2023-2024 के लिए इंटरमीडिएट, सर्टिफिकेट कोर्स और पीजी डिप्लोमा कोर्स में नामांकन 10 जुलाई से शुरू होगी।? जबकि स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) सहित अन्य पाठ्यक्रमों में नामांकन अगले माह में शुरू होने की संभावना है। एसएम कॉलेज स्थित एनओयू अध्ययन केन्द्र के कोऑर्डिनेटर डॉ दीपक कुमार दिनकर ने मंगलवार को नामांकन संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल 10 जुलाई से इंटरमीडिएट के अलावे सर्टिफिकेट और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रम में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही मोड में नामांकन लिया जाएगा। समन्वयक डॉ दिनकर ने बताया की एनओयू में वर्तमान सत्र में नामांकन लेने को इच्छुक छात्र-छात्राएं एसएम कॉलेज स्थित स्टडी सेंटर से संपर्क कर सकते हैं। छात्र नामांकन संबंधी विस्तृत जानकारी एनओयू पटना के वेबसाइट से भी प्राप्त कर सकते हैं। सत्र 2023-2024 के लिए नामांकन संबंधित सूचना नालंदा खुला विश्वविद्यालय पटना द्वारा जारी किया गया है।


## मुख्यमंत्री योगी ने किया 'संपर्क स्मार्टशाला-स्मार्ट ब्लॉक' कार्यक्रम का शुभारंभ, कहा

# शिक्षा को तकनीकी व नवाचार से जोड़ें

**एजेंसी। गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत छह वर्षों में यूपी ने बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। 2017 के पहले बदहाली से जो स्कूल बंदी की कगार पर थे, आज उनका कायाकल्प हो चुका है। दृढ़ संकल्प, संसाधन, तकनीकी, नवाचार के समन्वय से शिक्षा के क्षेत्र में चमत्कार का सपना साकार हुआ है। तकनीकी के बेहतर उपयोग वाला 'निपुण भारत मिशन', शिक्षा की गुणवत्ता सुदृढ़ करने में शानदार परिणाम दे रहा है।

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग एवं संपर्क फाउंडेशन की पहल पर 'संपर्क स्मार्टशाला-स्मार्ट ब्लॉक' कार्यक्रम का शुभारंभ कर रहे थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से नगर क्षेत्र के 58 व चरगांवा ब्लॉक के 68 परिषदीय स्कूलों को एलईडी टीवी, गणित व अंग्रेजी किट से आच्छादित किया गया। मुख्यमंत्री ने पांच स्कूलों के शिक्षकों को खुद अपने हाथ से टीएलएम किट प्रदान किया। साथ ही संपर्क फाउंडेशन



की पत्रिका का भी विमोचन किया। योगीराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि शिक्षा समाज की नींव है और जब नींव दरक जाएगी तो समाज रूपी भवन कैसे बनेगा। 2017 के पूर्व बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में शौचालय, फ्लोरिंग, पेयजल तक की सुविधा नहीं थी। लगभग 1.56 लाख स्कूलों में 1.34 करोड़ बच्चे जाते थे। शिक्षकों की भारी कमी थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने दशा सुधारने का संकल्प लिया और बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में पारदर्शी तरीके से 1.65 लाख शिक्षकों की भर्ती की। कोई स्कूल जर्जर न रहे, उनमें फर्नीचर, शौचालय, पेयजल, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी और डिजिटल लाइब्रेरी हो, इसके लिए मिशन कायाकल्प शुरू किया। आज 1.36 लाख स्कूलों का कायाकल्प हो चुका है। स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या बढ़कर 1.91 करोड़ हो चुकी है। योगी ने कहा कि पहले बेसिक स्कूलों के बच्चे नंगे पांव जाते थे, उनके पास यूनिफॉर्म नहीं था। आज सरकार उन्हें सभी सुविधाएं दे रही है। उन्हें दो यूनिफॉर्म, जाड़े में स्वेटर, जूते, बैग दिए जा रहे हैं। अब तो इस सुविधा के लिए रकम उनके अभिभावकों के खातों में डीबीटी से भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब 2017 में वह एमएलसी बने तो अपनी पूरी निधि गोरखपुर नगरीय क्षेत्र के बेसिक स्कूलों में फर्नीचर और शौचालय बनवाने के लिए दे दी। वर्तमान में जीडीए और नगर निगम भी स्कूलों को स्मार्ट बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों को भी चाहिए कि वे अपने क्षेत्र के स्कूलों में जाएं और वहां के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराएं।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी की महत्ता पर चर्चा करते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी के बेहतर उपयोग से शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता तेजी से बढ़ रही है। सीएम योगी ने स्मार्ट स्कूल, स्मार्ट ब्लॉक कार्यक्रम को अभिनव प्रयोग बताते हुए इसके लिए पहल करने वाले संपर्क फॉउंडेशन की सराहना की। उन्होंने कहा कि वास्तव में शिक्षा को रचनात्मक तरीके से रोचक बनाने की जरूरत है ताकि बच्चा स्कूल जाने को खुद आतुर रहे। संपर्क फॉउंडेशन इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने बच्चों को भावनात्मक स्पर्श दिया तो बच्चों में स्वतः स्फूर्ति जागृत होगी। देश व समाज की नींव को मजबूत करने के लिए हमें शिक्षा को मजबूत बनाना होगा। इसके लिए आवश्यक है कि हम शिक्षा को तकनीकी व नवाचार से जोड़ें।उन्होंने कहा कि गोरखपुर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में स्मार्ट स्कूल, स्मार्ट ब्लॉक कार्यक्रम के परिणाम को देखने के बाद इसे पूरे प्रदेश में लागू करने की योजना बनाई जाएगी।

## मप्रः कुड़मी जाति को भी मिलेगा पिछड़ा वर्ग का लाभ



**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश सरकार ने कुड़मी जाति को कुर्मी समाज के साथ शामिल करने का फैसला लिया है। इससे कुड़मी जाति के लोगों को भी पिछड़ा वर्ग की सुविधाएं हासिल होंगी।

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने कुड़मी जाति को सूची क्रमांक 76 से विलोपित कर सूची क्रमांक 39 में कुर्मी/कुरमी के साथ ही शामिल किए जाने का निर्णय लिया है। इससे इस वर्ग को जाति प्रमाण पत्र में आ रही समस्याओं के समाधान के साथ-साथ राज्य शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग को प्रदाय किए जा रहे लाभ प्राप्त करने हेतु समान व समुचित अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

नरोत्तम मिश्रा ने आगे बताया कि, राज्य में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकताओं के मानदेय में तीन हजार की बढ़ोतरी की गई है, जिसके चलते अब उन्हें 13 हजार रुपये मासिक मानदेय मिलेगा। इसी तरह आंगनवाडी सहायिकाओं के मानदेय में साढ़े सात सौ रुपये प्रतिमाह की बढ़ोतरी की गई है। अब उन्हें 5750 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा।

## नीतीश कैबिनेट की बैठक में कुल सात एजेंडों पर लगी मुहर

**एजेंसी। पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न हुई कैबिनेट की बैठक में कुल सात एजेंडों पर मुहर लगाई गई। कैबिनेट ने उद्योग विभाग, भवन निर्माण विभाग, वित्त विभाग और स्वास्थ्य विभाग के कुल सात प्रस्तावों पर मुहर लगाई है। सरकार ने उद्योग विभाग के तहत बिहार बायोफ्यूल्स उत्पादन प्रोत्साहन नीति 2023 को स्वीकृति दे दी है जबकि बिहार राज्य निवेश प्रोत्साहन (वस्त्र एवं चर्म) नीति 2022 का अवधि विस्तार 30 जून, 2024 तक करने का निर्णय लिया है। भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत विभिन्न श्रेणी के कुल पांच पदों के सृजन तथा आशुलिपिक के अनावश्यक कुल 53 पदों को विलोपित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। साथ ही सरकार ने बिहार वास्तुविद सेवा नियमावली 2014 में संशोधन करते हुए संविदा पर बहाल हुए नियोजित कर्मियों को नियमित करने का फैसला लिया है।सरकार ने राष्ट्रीय बचत कार्यालयों में आशुलिपिक संवर्ग के स्वीकृति 8 पदों में से आशुलिपिक ग्रेड 2 के 2 पदों को समायोजित करते हुए अंकेक्षण निदेशालय में आशु टंकक संवर्ग के पदों को मूल कोटि एवं प्रोन्नति के पदों में वर्गीकृत करने तथा राष्ट्रीय बचत आशुलिपिक संवर्ग के शेष 6 पदों को प्रत्यर्पित किया है। साथ ही भारत सरकार द्वारा तैयार एवं अधिसूचित अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अधिनियम 2019 की धारा 38 के अधीन बिहार अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी नियमावली 2023 को बिहार राज्य में अंगीकृत किए जाने की स्वीकृति दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के तहत सरकार ने विदेशी आयुर्विज्ञान स्नातकों को राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली के दिशा निदेशों के आलोक में राज चिकित्सा परिषद में निबंध के क्रम में इंटर्नशिप के लिए राज्य के चिकित्सा कॉलेजों एवं अस्पतालों में इंटर्नशिप की सुविधा उपलब्ध कराने का फैसला लिया है।

### बीजापुर के ईसुलनार में हुई मुठभेड़, नक्सली कैम्प ध्वस्त

**बीजापुर।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत ईसुलनार के जंगल-पहाड़ में नक्सलियों सशस्त्र बल के जवानों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई है।मुठभेड़ के बाद सर्चिंग कार्यवाही में मौके से टिफिन बम के साथ साथ कई नक्सल सामग्री बरामद की गई है। मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के कंपनी नम्बर 02 कमाण्डर वेल्ला मोड़ियम, डिवीजन मिलिट्री इंचार्ज राहुल तेलम, गंगालूर एसी सचिव दिनेश मोड़ियम, डीव्हीसीएम भास्कर, एसीएम वर्गीश एवं 40-50 सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। जिस पर डीआरजी, एसटीएफ एवं कोबरा 210 की संयुक्त टीम को कार्यवाही के लिए रवाना किया गया था। जवानों को देखकर नक्सलियों के द्वारा जवानों पर फायरिंग किया गया।

## मायावती भाजपा की बी टीम, राजभर और निषाद हल्के नेता : शिवपाल

**एजेंसी। लखनऊ**



समाजवादी पार्टी (सपा) नेता व महासचिव शिवपाल यादव ने मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बी टीम बताया। उनके इस बयान ने उत्तर प्रदेश का सियासी पारा हाई कर दिया है।शिवपाल ने कहा कि भाजपा से मायावती को डर लगता है। समाजवादियों का इतिहास रहा है, हम डरते नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि एक बार हम लोग बसपा को तोड़ चुके हैं, जरूरत पड़ी तो दोबारा भी तोड़ेंगे। शिवपाल यादव ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद पर भी जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश राजभर और संजय निषाद बहुत हल्के लोग है। राजभर-संजय निषाद की बात का कोई भरोसा नहीं है। चुनाव आने पर इनकी दुकानें चलती हैं। हम ऐसे लोगों से मिलते भी नहीं है।

सपा महासचिव ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सवाल पर कहा कि सभी विपक्षी दल एक होकर चुनाव लड़ेंगे। उत्तर प्रदेश में 2024 की रणनीति अखिलेश यादव के साथ मिलकर बनायेंगे। भाजपा को उत्तर प्रदेश में हराने का काम करेंगे। शिवपाल ने इस दौरान महाराष्ट्र में हुए राजनीतिक समीकरण पर कहा कि शरद पवार नेताजी मुलायम सिंह यादव की जैसी राजनीति करते हैं। महाराष्ट्र में वो वापसी करेंगे। उल्लेखनीय है कि लोकसभा 2024 चुनाव को लेकर सभी सियासी दल इन दिनों अपना दमखम और चुनावी तैयारियों को दिखाने में लगे हैं। उप्र में समाजवादी पार्टी की तैयारी भी जोरो-शोरो से चल रही है। लगातार समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपना दमखम दिखाने में लगे हुए है। शिवपाल यादव ने अपने विरोधियों पर हमला बोला है। इससे पहले भी वो मायावती, ओपी राजभर और संजय निषाद पर हमला बोल चुके हैं।

## 24 सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल हुई शुरू

**एजेंसी। कोरबा**

स्वास्थ्य कर्मियों की 24 सूत्रीय मांगों पर अब तक शासन-प्रशासन गंभीर नहीं हुआ है। जिससे स्वास्थ्य कर्मियों में आक्रोश भड़क उठा है। आक्रोशित कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। वे आईटीआई तानसेन चौक पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी हड़ताल से अस्पतालों में व्यवस्था चरमराने की पूरी संभावना है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने अपनी 24 सूत्रीय मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश भर के स्वास्थ्य कर्मचारी आंदोलन




का हिस्सा हैं। इसे लेकर जिला शाखा के पदाधिकारियों ने भी आंदोलन को लेकर ज्ञापन ,कलेक्टर, मेडिकल कॉलेज अधिष्ठाता, सीएमएचओ व पुलिस अधीक्षक को सौंपा था। जिसमें 4 जुलाई से आंदोलन की चेतावनी दी गई थी। जिसके तहत आंदोलन शुरू हो चुका है। पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, चिकित्सा शिक्षा, आयुष संचानालय द्वारा शासन के निर्देश पर स्टाफ नर्स, सिस्टर ट्यूटर, उप नर्सिंग अधीक्षक सहित अन्य कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर किया जाए। विसंगति का निवारण कर विभिन्न भत्तों को केन्द्र के समान प्रदान किया जाए।

## देश का अनूठा प्रयोग है मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना : सीएम शिवराज

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में युवाओं को कौशल विकास के साथ लर्न एंड अर्न की तर्ज पर ऑन जॉब ट्रेनिंग की सुविधा के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना लॉन्च की गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम दोपहर 12 बजे रिमोट का बटन दबाकर योजना में युवाओं के लिए पंजीयन पोर्टल एवं एमएमएसकेवाय मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने आईटीआई उत्तीर्ण राज कुशवाहा नामक एक युवक का योजना के पोर्टल पर पंजीयन फॉर्म



भी भरवाया। मुख्यमंत्री ने राज से समग्र आईडी का नंबर पूछा और फिर मोबाइल पर आया ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) मांगा। इसके बाद पूरी डिटेल्स लेकर राज का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म सबमिट कराया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 15 अगस्त 2022 को मैंने घोषणा की थी कि एक साल में एक लाख सरकारी भर्तियां की जाएंगी। अब तक 55 हजार भर्तियां की जा चुकी हैं। इस साल 15 अगस्त से पहले एक लाख से ज्यादा सरकारी भर्तियां पूरी कर ली जाएंगी। मुख्यमंत्री चौहान ने हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध एवं शक्तिशाली भारत का निर्माण के कार्य में लगे हैं। उन्होंने देश का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ाया है। विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य मिले, इसके लिए प्रधामंत्री और हम लगातार प्रयास में हैं। हमने गाँव-गांव में स्कूल खोलने के साथ बच्चों को निःशुल्क किताबें, यूनिफार्म, स्कॉलरशिप देने का काम किया, ताकि इनका भविष्य उज्ज्वल हो। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैंने मेधावी बच्चों को लैपटॉप देने की शुरूआत की, लेकिन बीच में दूसरी सरकार आई तो लैपटॉप बंद कर दिए। कुछ लोग कहते हैं कि हम बेरोजगारी भत्ता देंगे। इसमें इतने बैरियर लगा देते हैं कि भत्ता मिलता ही नहीं। चिड़िया अपने बच्चों को घोंसला नहीं, पंख देती है। मैं आज पंख देने आया हूं। इसलिए हमने 'सीखो-कमाओ योजना' बनाई है।

**बदलाव** महिलाओं के उत्पाद को बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है

# मोबाइल एप से बिकेगा जीविका समूह का उत्पाद

**एजेंसी। पटना/बेगूसराय**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी सोच से गांव और ग्रामीणों का उत्थान हो रहा है। इसके लिए गिरिराज सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण विकास मंत्रालय स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए नया-नया प्रयास कर रहा है।

इसी कड़ी में ग्रामीण विकास मंत्रालय ने अब स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्पाद को राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने के लिए बड़ा प्रयास किया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों के विपणन के लिए



मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों के विपणन को मजबूत करने में ईएसएआरएएस मोबाइल ऐप ई-कॉमर्स की पहल में योगदान देगा। ई-कॉमर्स मोबाइल ऐप का उपयोग स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री के लिए एक ज्यादा प्रभावी मंच के रूप में किया जाएगा। यह सर्वोत्तम, प्रामाणिक हस्तशिल्प और हथकरघा के मार्केटिंग की दिशा में ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) के डीएवाई-एनआरएलएम द्वारा संकल्पित एक शुरूआत है। गिरिराज सिंह के नेतृत्व में महिलाओं के आर्थिक प्रगति के लिए लगातार काम कर रहे ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकारियों ने इसे एक ऐसी शुरूआत बताया जो जीविका दीदियों के उत्पादों की आसान मार्केटिंग के साथ वोकल फॉर लोकल को भी बढ़ावा देगा।

मंत्रालय का लक्ष्य है कि प्रत्येक एसएचजी परिवार के पास आजीविका के कम से कम दो-तीन स्रोत हों।गैर-कृषि आजीविका में प्रमुख व्यवधान एसएचजी उत्पादों के लिए बाजार से संपर्क का प्रावधान है। ई सरस मोबाइल ऐप के माध्यम से एसएचजी दीदियों द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित उत्पाद अब और भी अधिक ग्राहकों के लिए आसान तरीके से हर किसी की उंगलियों पर उपलब्ध होंगे। डीएवाई-एनआरएलएम की रणनीति ई-सरस ऐप और पोर्टल जैसी ऑनलाइन मार्केटिंग पहलों और सरस मेलों और सरस फूड फेस्टिवल जैसे लोकप्रिय ऑन-ग्राउंड कार्यक्रमों एवं ऑनलाइन और ऑन-ग्राउंड प्लेटफार्मों पर गतिविधियों के क्रॉस-प्रमोशन के साथ चौतरफा विकास का दृष्टिकोण है।ई-सरस पूर्ति केंद्र भी शुरू किया गया है।

इसका उपयोग ग्राहकों द्वारा ई-सरस पोर्टल और ई-सरस मोबाइल ऐप के माध्यम से खरीदे जाने वाले उत्पादों के प्रसंस्करण, पैकेजिंग और शिपिंग के लिए किया जाएगा। यह ग्राहक के दरवाजे तक ऑनलाइन ऑर्डर लाने के लिए आवश्यक लॉजिस्टिक्स को संभालेगा। ई-सरस पूर्ति केंद्र का प्रबंधन ग्रामीण विकास मंत्रालय और टाटा ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से गठित एक गैर-लाभकारी कंपनी एफडीआरवीसी द्वारा किया जाएगा।

### करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत

**रायगढ़ ।** मिक्सर मशीन की सफाई करते वक्त करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई। घटना तमनार थाना क्षेत्र के हुंकराडीपा चौक कुंजेमुरा की है। तमनार पुलिस ने दोनों शव का पंचनामा कार्रवाई कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार लाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह घटना सोमवार की शाम करीब 6:30 बजे की है। जहां विवेक कंट्रक्शन में काम करने वाले दो मजदूर मिक्सर मशीन की सफाई का कार्य कर रहे थे। मिक्रर मशीन में जमे सीमेंट के टुकड़ों को ड्रिल मशीन की सहायता से दोनों मजदूर निकाल रहे थे, तभी ड्रिल मशीन में करंट प्रवाहित होने से दोनों चपेट में आ गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मृतक सुकलु कुमार (20) कोरबा एवं रामविनय पासवान (35) ओरंगाबाद बिहार के रहने वाले हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### चोटिल ओली पोप एशेज 2023 से बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप कंधे की चोट के कारण मंगलवार को पुरुष एशेज 2023 टेस्ट सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार, पिछले हफ्ते दूसरे टेस्ट के दौरान पोप का दाहिना कंधा खिसक गया था और उन्हें सर्जरी की आवश्यकता होगी। ईसीबी ने एक बयान में कहा, सोमवार को लंदन में स्कैन से चोट की पूरी गंभीरता का पता चला और वह शेष ग्रीष्मकालीन अभियान से चूक जाएंगे और सर्जरी की आवश्यकता होगी। वह अपने पुनर्वास के संबंध में इंग्लैंड और सरे मेडिकल टीमों के साथ मिलकर काम करेंगे।

### स्टार फुटबॉलर नेमार ने किया पर्यावरण नियमों का उल्लंघन



**नई दिल्ली।** ब्राजील के अधिकारियों ने सोमवार को घोषणा की फुटबॉल स्टार नेमार पर दक्षिणपूर्वी ब्राजील में अपनी तटीय हवेली के निर्माण के दौरान पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने के लिए 16 मिलियन रीसिस (3.33 मिलियन डॉलर करीब 28.6 करोड़ रुपए) का जुर्माना लगाया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने पहली बार पिछले महीने के अंत में आरोप लगाया और सोमवार को पुष्टि की कि लक्जरी परियोजना ने मीठे पानी के स्रोतों, चट्टान और रेत के उपयोग और मूवमेंट को नियंत्रित करने वाले नियमों का उल्लंघन किया है।

### कुश्ती ट्रायल पर फैसला नहीं ले सकी आईओए की तदर्थ समिति





**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति की मंगलवार को यहां हुई बैठक में एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप के लिए कुश्ती ट्रायल कराने की तारीख तय नहीं हो सकी चूंकि एशियाई ओलंपिक परिषद ने 15 जुलाई की समय सीमा बढाने के उसके अनुरोध पर अभी जवाब नहीं दिया है। आईओए को एशियाई खेलों में भाग लेने वाले सभी भारतीय खिलाड़ियों के नाम 15 जुलाई तक देने हैं। यह समय सीमा बढाकर दस अगस्त करने का अनुरोध किया गया है ताकि प्रदर्शनकारी पहलवानों को समय मिल सके। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और एशियाई खेल स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट समेत छह पहलवानों ने खेल मंत्रालय से एशियाई खेलों के ट्रायल के लिये तैयारी का अतिरिक्त समय मांगा है। तदर्थ समिति ने उन्हें एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप ट्रायल से रियायत दे दी है और अब उन्हें बस एक मुकाबला खेलना होगा।

# ऊषा ने गरीब बच्चों को फायदा पहुंचाने के लिए देशभर में लॉन्च किया डिस्क ग्रांट प्रोग्राम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऊषा इंटरनेशनल ने हाल ही में डिस्क ग्रांट प्रोग्राम लॉन्च किया है और यह पहल पूरे भारत में विश्वस्तरीय फ्लाइंग डिस्क प्रदान करेगी, ताकि अल्टीमेट खेल और उसके फायदों को बढ़ावा दिया जा सके। अल्टीमेट, जैसा कि आमतौर पर जाना जाता है, एक सेल्फ-रेफरीड, नॉन-कॉन्टैक्ट टीम स्पोर्ट है, जोकि भारत में मुख्यतः मिक्स्ड-जेंडर फॉर्मेट में खेला जाता है। ऊषा इस खेल को लोकप्रिय बनाने और इसे देश के हर जिले, शहर तथा राज्य के बच्चों तक, खासकर कम सेवा-प्राप्त क्षेत्रों में ले जाने की कोशिश कर रही हैं। यह पहल ऊषा के व्यापक प्ले के सपने के अनुरूप है, जिसका लक्ष्य खेलों और गेम्स के माध्यम से समुदायों को सशक्त कर और सभी को शामिल करते हुए सक्रिय एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। कंपनी मिलकर काम करने और ऐसे क्षेत्रों की पहचान करने के लिए भारत में सक्रिय रूप से भागीदारी चाह रही है, जहां डिस्क ग्रांट का बच्चों और युवाओं पर बदलाव लाने वाला असर पड़ सके। शुरूआत के लिए पायलट प्रोग्राम का संचालन दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वाय-अल्टीमेट एनजीओ के साथ किया गया, जिसने चयन में परामर्शदाता का काम किया। इस पायलट के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर में कमजोर सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमियों के बच्चों के लिए समर कैम्प्स रखे गये, जिनका लक्ष्य व्यक्तिगत विकास एवं जीवन के कौशल देना था। इन शिविरों में बच्चों और युवाओं ने डिस्क (या फ्रिस्बी) का इस्तेमाल कर खेले जाने वाले खेल की मुश्किलें समझीं और उन्हें बिना किसी हिंसा के विवाद को सुलझाने, आदरपूर्ण संवाद, स्व-विनियमन और लैंगिक संवेदना के सबक दिये गये। इस पहल पर अपनी बात रखते हुए, ऊषा इंटरनेशनल में स्पोर्ट्स इनिशियेटिव्स एंड एसोसिएशंस की हेड कोमल मेहरा ने कहा, "ऊषा में हमने समझा कि अच्छी गुणवत्ता की डिस्क्स की कमी इस अन्यथा सुलभ एवं समावेशी खेल की वृद्धि को बाधित कर रही थी, जोकि लिंग, वंश, जाति और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की बाधाओं को तोड़ता है और इसलिए हमने डिस्क ग्रांट प्रोग्राम लॉन्च किया। हम इसे पूरे भारत में बढ़ाना चाहते हैं और उन हजारों युवाओं को प्रभावित तथा प्रेरित करना चाहते हैं, जिन्हें अल्टिमेट खेल को सीखने की गतिविधि में भाग लेने से शारीरिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक फायदा होगा।" पायलट में डिस्क्राफ्ट, यूएसए द्वारा निर्मित प्रतियोगिता गुणवत्ता की 150 फ्लाइंग डिस्क्स का वितरण दरिया गंज, हाथी बस्ती, केशवपुरम, कीर्ति नगर, किशनगढ़, मयूर विहार, नोएडा, पुष्पविहार, संगम विहार, संजय कॉलोनी, शकूर बस्ती, सीमापुरी, सुल्तानपुरी और तुगलकाबाद में वाय-अल्टिमेट द्वारा आयोजित कैम्पों में किया गया, जिससे 700 बच्चों को फायदा हुआ। ग्रांट के पहले लाभार्थी, वाय-अल्टीमेट के सह-संस्थापक बेनोय स्टीफन ने कहा, "वाय-अल्टीमेट में हमारा मिशन अल्टीमेट फ्रिस्बी के मजेदार खेल के माध्यम से बच्चों, खासकर निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के बच्चों को जीवन के कौशल के बारे में शिक्षा देना है। इस मिशन की शुरूआत में ऊषा का सहयोग मिलना सौभाग्य की बात है। हमारे द्वारा ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक पहुंचने और उन्हें अल्टीमेट फ्रिस्बी के खेल से विकसित करने की कोशिश में ऊषा प्ले का डिस्क ग्रांट प्रोग्राम हमें जरूरी उपकरण, यानि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाली डिस्क्स प्रदान करने के लिए एक बड़ा सहयोग है। हम इस भागीदारी को पूरे भारत में इस खेल के फायदों को ले जाने की दिशा में शुरूआती कदम के तौर पर देख रहे हैं।"ऊषा देश में खेलों की समावेशी पहलों की एक बड़ी श्रृंखला को सहयोग और बढ़ावा देती हैं। इनमें मुंबई इंडियन्स फ्रैंचाइजी, अल्टिमेट फ्लाइंग डिस्क, गोल्फ, दिव्यांगों के लिए क्रिकेट, दृष्टिबाधितों के लिए खेल (एथलेटिक्स, कबड्डी, जूडो और पावरलिफ्टिंग) और भारत के घरेलू खेलों, जैसे कि कलारी, मल्लखम्ब, सियातखनाम, थांग-टा, साज-लोउंग, सतोलिया (लोकप्रिय नाम पिठू), आदि के साथ भागीदारी शामिल है।

### वांग चुकिन टेबल टेनिस में नए पुरुष विश्व नंबर 1 बने



**बीजिंग।** अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) ने मंगलवार को अपनी नवीनतम विश्व रैंकिंग जारी की, जिसमें चीन के टेबल टेनिस के उभरते सितारे वांग चुकिन पुरुष एकल वर्ग में नए विश्व नंबर 1 बन गए। वांग के हमवतन फैन जेंडॉन्ग लगातार 142 सप्ताह तक शीर्ष पर रहे थे। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर स्मैश 2022 से आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग अंक समाप्त होने के साथ, 23 वर्षीय वांग ने फैन से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। आईटीटीएफ वेबसाइट पर एक लेख में लिखा गया है, यह उपलब्धि वांग की उल्लेखनीय यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण है, जो उनकी असाधारण प्रतिभा और महानता की अटूट खोज को उजागर करती है। इस जोड़ी ने पुरुषों की विश्व रैंकिंग में अनुभवी मा लोंग के साथ एक अग्रणी चीनी तिकड़ी बनाई। विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) के नव-विजेता कंटेंडर जाग्रेब लिन गाओयुआन छठे स्थान पर पहुंच गए, जबकि साथी चीनी पैडलर लियांग जिंगकुन सातवें स्थान पर हैं। अन्य पुरुष विश्व के शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जापान के टोमोकाजू हरिमोटो, ब्राजीलियाई स्टार ह्यूगो काल्डेरानो, दक्षिण कोरिया के जांग वू-जिन, स्लोवेनिया के डार्को जोर्जिक और चीनी ताइपे के लिन युन-जू शामिल हैं। महिलाओं में, सुन यिंग्शा, वांग यिडी, चेन मेंग, वांग मन्यु, चेन ज़िंगटोंग और कियान तियानि ने चीन के लिए शीर्ष छह स्थान हासिल किए, जिसमें वांग यिडी दो स्थान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहीं।

## वनडे रैंकिंग : श्रीलंका की बल्लेबाज ने रचा इतिहास

# टॉप पर पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बनीं चमारी अटापट्टू



### हरमनप्रीत और स्मृति को हुआ नुकसान

**एजेंसी। दुबई**

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक-एक स्थान के नुकसान से क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर है। आक्रामक बल्लेबाज हरमनप्रीत के 716 रेटिंग अंक हैं जबकि स्मृति के उनसे दो अंक कम हैं। वहीं श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू 758 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही हैं, जिसके साथ उन्होंने नया इतिहास चर दिया। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। गेंदबाजी विभाग में बाएं हाथ के स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ (617 अंक) और सीनियर ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा क्रमशः आठवें और 10वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन 751 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही हैं। ऑलराउंडर की सूची में भारत की दीप्ति 322 अंक के साथ छठे स्थान पर हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में स्मृति 722 अंक के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई है। दीप्ति गेंदबाजी सूची में 729 अंक के साथ एक स्थान के फायदे से चौथे पायदान पर हैं। रेणुका 700 अंक के साथ नौवें स्थान पर चल रही हैं। दीप्ति हालांकि ऑलराउंडर की सूची में 393 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। चामरी इस बीच महिला एकदिवसीय खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली अपने देश की पहली खिलाड़ी बनीं। आईसीसी महिला चैंपियनशिप में उन्होंने न्यूजीलैंड पर अपनी टीम की 2-1 की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### चामरी ने जयसूर्या की बराबरी की

**बाएं** हाथ की बल्लेबाज चामरी ने इस तरह सनथ जयसूर्या की बराबरी की जो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय पुरुष बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले श्रीलंका के एकमात्र खिलाड़ी हैं। वह सितंबर 2002 से मई 2003 तक 181 दिन तक शीर्ष पर रहे। चामरी ने तीन मैच में दो शतक जड़े जिससे उनके छह स्थान का फायदा हुआ जिससे वह शीर्ष पर चल रही ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी को पछाड़ने में सफल रहीं। मूनी 10 मई से शीर्ष पर थीं। चामरी ने पहले मैच में 83 गेंद में नाबाद 108 जबकि तीसरे मैच में 80 गेंद में नाबाद 140 रन बनाए। वह श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुनी गईं। इससे पहले 2014 में श्रीलंका की बाएं हाथ की तेज गेंदबाज उदेशिका प्रबोधनी टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों और शशिकला श्रीवर्धने टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर पहुंची थीं। चामरी के 758 रेटिंग अंक हैं जो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में श्रीलंका की महिला खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक अंक है। उनके बाद देबुनु सिल्वा का नंबर आता है जिन्होंने 587 अंक जुटाए थे। वह अप्रैल 2010 में 11वें स्थान पर भी रही थी जो श्रीलंका की किसी खिलाड़ी का एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अगले साल इंग्लैंड का दौरा करेगा पाकिस्तान



**एजेंसी। कराची**

अमरीका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 की तैयारियों के तहत पाकिस्तान अगले साल चार टी20 मैच की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को कहा कि पुरुष टीम के अलावा राष्ट्रीय महिला टीम भी अगले साल मई में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी। इंग्लैंड पहुंचने से पहले पाकिस्तान की पुरुष टीम नीदरलैंड और आयरलैंड के खिलाफ भी तीन-तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की श्रृंखला खेलेगी। पाकिस्तान को पिछले टी20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। टीम ने 2021 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी जहां उसे ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। इंग्लैंड के खिलाफ मैच लीड्स (22 मई), बर्मिंघम (25 मई), कार्डिफ (28 मई) और लंदन के द ओवल (30 मई) में खेले जाएंगे। इंग्लैंड आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरे जबकि पाकिस्तान चौथे नंबर की टीम है। महिला टीम के दौरे की शुरूआत 11 मई को बर्मिंघम में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय से होगी जबकि दो अन्य मैच नार्थम्पटन (17 मई) और लीड्स (19 मई) में खेले जाएंगे। तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय डर्बी, टॉनटन और चेम्सफोर्ड में क्रमशः 23, 26 और 29 मई को होंगे।

### बाबर आजम ने जीता फैंस का दिल

**पाकिस्तान** के कप्तान बाबर आजम ने आगामी लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के दौरान सट्टेबाजी कंपनी के लोगो वाली पोशाक पहनने और प्रचार करने से इनकार कर दिया है जबकि पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में कई फ्रेंचाइजी का प्रायोजन सट्टेबाजी कंपनियां करती हैं। बाबर के एक करीबी सूत्र ने बताया कि इस पाकिस्तानी खिलाड़ी ने इस साल एलपीएल के अनुबंध में हस्ताक्षर के दौरान यह नियम डलवाया है कि वह किसी सट्टेबाजी कंपनी से नहीं जुड़ेंगे। सूत्र ने कहा, अधिकांश पाकिस्तानी खिलाड़ी फ्रेंचाइजी मालिकों और लीग आयोजकों से कह रहे हैं कि वे किसी सट्टेबाजी कंपनी के लोगो वापसी पोशाक नहीं पहनना चाहते और ना ही उनका प्रचार करना चाहते हैं। इससे पहले सीनियर खिलाड़ी मोहम्मद रिजवान ने पाकिस्तान सुपर लीग में सट्टेबाजी कंपनी के लोगो वाली पोशाक पहनने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ियों ने जहां सट्टेबाजी कंपनियों के विज्ञापन के खिलाफ रुख अपनाया है तो वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और उसकी कुछ फ्रेंचाइजी को पिछले सत्र में सट्टेबाजी कंपनियों ने प्रायोजित किया था और खिलाड़ियों ने अपनी जर्सी पर ऐसी कंपनियों के लोगो लगाए थे। पीएसएल और हाल में एक घरेलू श्रृंखला के दौरान पीसीबी का एक मुख्य प्रायोजक सट्टेबाजी वेबसाइट थी जिससे अपने प्रचार के लिए परोक्ष विज्ञापन का सहारा लिया था। लेकिन सूत्र के अनुसार बाबर ने एलपीएल की अपनी फ्रेंचाइजी कोलंबो स्ट्राइकर्स को साफ तौर पर इनकार कर दिया है। बाबर 30 जुलाई से 22 अगस्त तक होने वाली एलपीएल में कोलंबो स्ट्राइकर्स की अगुआई करेंगे।

# जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी। राउरकेला**

हॉकी ओडिशा ने सोमवार देर रात यहां बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में तमिलनाडु को 4-0 से हराकर 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ओडिशा के लिए प्रतिभा एक्का (9''), रंभा कुजूर (16''), आशिमा राउत (29'') और पूजा साहू (58'') ने गोल किया।

ओडिशा ने मैच में आक्रामक शुरूआत की। मैच के 9वें मिनट में प्रतिभा एक्का ने गोल कर पहले क्वार्टर की शुरूआत में ही अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

## टेस्ट टीम में अय्यर की जगह पर बोले आकाश चोपड़ा

# 'अभी भी बहुत कुछ साबित करना बाकी है'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

श्रेयस अय्यर चोटों के कारण इस महीने के अंत में विंडीज के खिलाफ भारत की आगामी वनडे और टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा के अनुसार पीठ की चोट के कारण आईपीएल 2023 से चूकने वाले कोलकाता नाइट राइडर के कप्तान को खेल के सबसे लंबे प्रारूप में कमान संभालने के लिए पर्याप्त रूप से तैयार नहीं माना गया है। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा को लगता है कि बल्लेबाज चलती गेंद के प्रति संवेदनशील



होता है और शॉर्ट गेंद के खिलाफ भी असहज दिखता है, टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए उसे अपने खेल से कुछ हटना होगा। चोपड़ा ने कहा, 'श्रेयस अय्यर - अच्छे खिलाड़ी, न्यूजीलैंड के खिलाफ पदार्पण पर शतक बनाया और दूसरी पारी में भी रन बनाए। लेकिन मेरी राय में टेस्ट बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को अभी भी बहुत कुछ साबित करना है। उन्होंने बांग्लादेश में भी बहुत अच्छा खेला। वह स्पिन को बहुत अच्छे से खेलता है, इसमें कोई संदेह नहीं है। हालांकि, दो चीजें हैं जो उसके करियर को परिभाषित कर सकती हैं - शॉर्ट बॉल के खिलाफ उसका खेल और दूसरा रनिंग गेंद के खिलाफ - जब गेंद पिच होती है और स्विंग होती है, और दूसरा है बाउंसर।' पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'जब तक वह इन दोनों चीजों में पारंगत नहीं हो जाते, तब तक यह कहना भी मुश्किल है कि उनका टेस्ट करियर आगे बढ़ेगा या नहीं।

# पीवी सिंधू बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 15वें स्थान पर खिसकी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ताजा बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में तीन पायदान खिसककर 15वें स्थान पर पहुंच गई । इस साल अप्रैल में शीर्ष दस से बाहर हुई सिंधू के 13 टूर्नामेंटों में 51070 अंक हैं। वह इस सप्ताह कनाडा ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भाग लेगी। पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान एड़ी में फ्रेक्कर के कारण वह पांच महीने कोर्ट से दूर रही थी। वह इस सत्र में मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 के फाइनल में और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में सेमीफाइनल में पहुंची थी। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी युगल रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। पुरूष एकल में एच एस प्रणय आठवें स्थान पर हैं जबकि लक्ष्य सेन 19वें और किदाम्बी श्रीकांत 20वें स्थान पर है । महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद एक स्थान गिरकर 17वें स्थान पर है।

## आरोप | बेयरस्टो के रन आउट पर कैफ ने दी प्रतिक्रिया

# 'खेल भावना का सवाल नहीं उठता'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट के बाद इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की विकेट पर खड़ा हुआ विवाद खत्म नहीं हो रहा है। दूसरे एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 43 रन से जीत दर्ज की थी और मैच के खत्म होने के बाद बेयरस्टो के रन आउट पर विवाद खड़ा हो गया। मैच के बाद इंग्लैंड की मीडिया और कई क्रिकेट विशेषज्ञ के रन आउट पर चर्चा करते हुए, इसे खेल भावना के खिलाफ बताया था। वहीं कई क्रिकेट विशेषज्ञ इस पूरे मामले को जायज ठहरा रहे हैं। अब इस मामले पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने प्रतिक्रिया दी है और उन्होंने बेयरस्टो की विकेट को जायज ठहराया है।





मोहम्मद कैफ ने एक न्यूज चैनल से बातचीत करते हुए कहा, इस मामले में खेल भावना का कोई सवाल ही नहीं उठता है। ये कोई रॉकेट साइंस नहीं है। बेयरस्टो इसलिए रन आउट करार दिए गए थे, क्योंकि वह क्रीज से बाहर थे। बेयरस्टो बार-बार ऐसा कर रहे थे और एलेक्स कैरी को यह पता था।एक बल्लेबाज के तौर पर बल्लेबाज को यह पता होना चाहिए कि गेंद अगर विकेटकीपर के पास जाती है तो फिर आपको अपनी क्रीज में रहना होता है।

**बेयरस्टो के रन आउट का पूरा मामला :** दरअसल, दूसरे एशेज टेस्ट के अंतिम दिन 52वें ओवर में एक विवादास्पद क्षण देखने को मिला जब ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने सीधे थ्रो से इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को रन आउट कर दिया।

10 रन पर बल्लेबाजी कर रहे बेयरस्टो आउट होने से स्तब्ध रह गए, क्योंकि उन्हें विकेटकीपर से थ्रो की उम्मीद नहीं थी और वह गेंद को डेड समझकर क्रीज से बाहर चले गए थे।

**बेन स्टोक्स और पैट कमिंस ने मैच के बाद दिया था ये बयान :** मैच के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने विवादास्पद क्षण पर खुलकर बात की और स्वीकार किया कि वह आउट हो गए थे, लेकिन यह भी उल्लेख किया कि अगर वह ऑस्ट्रेलिया की जगह होते तो खेल की भावना के बारे में सोचते। उन्होंने कहा, 'दिन के अंत में, यह आउट था। लेकिन अगर दूसरे छोर पर होते, तो मुझे खेल की भावना के बारे में सोचना पड़ता। हमें बस आगे बढ़ना है।'

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने भी इस घटना पर अपने विचार साझा किए। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने कहा कि विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने पहले भी इसी तरह की घटना देखी थी और बताया कि आउट करना खेल के नियमों का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा, 'कैरी ने पहले भी ऐसा होते देखा था, यह कानून में है, पूरी तरह से निष्पक्ष। मैंने इसे ऐसे ही देखा।'



KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com




## NEWS इन ब्रीफ

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैदराबाद पहुंची



**हैदराबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महान स्वतंत्रता सेनानी अल्लुरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती के समापन समारोह में भाग लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचीं। तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन, मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी और राज्य के कई मंत्रियों ने यहां हकीमपेट वायु सेना अड्डे पर राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत किया। वह अल्लुरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती के समापन समारोह में भाग लेंगी और वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगी।


### सिसोदिया की पत्नी की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया को मंगलवार को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह स्व-प्रतिरक्षित विकार (ऑटोइम्यून डिस्ऑर्डर) से ग्रस्त हैं। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि तबियत खराब होने के बाद सीमा सिसोदिया को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गत कुछ सप्ताह में सीमा सिसोदिया (49) को तीसरी बार अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# आतंकवाद पर निर्णायक कार्रवाई जरूरी : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंतकवाद को क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए प्रमुख खतरा करार देते हुए मंगलवार को कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीतियों के औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं तथा शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) को ऐसे देशों की आलोचना करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल माध्यम से शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखर बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आदि ने हिस्सा लिया। मोदी ने कहा, आंतकवाद क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए प्रमुख खतरा बना हुआ है। इस चुनौती से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है।



आतंकवाद चाहे किसी भी रूप में हो, किसी भी अभिव्यक्ति में हो, हमें इसके विरुद्ध मिलकर लड़ाई लड़नी होगी। पाकिस्तान के परोक्ष संदर्भ में उन्होंने कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीतियों के औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, आतंकवादियों को पनाह देते हैं और एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए। अफगानिस्तान का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अफगानिस्तान को लेकर भारत की चिंताएं और अपेक्षाएं एससीओ के अधिकांश देशों के समान हैं। हमें अफगानिस्तान के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि भारत और अफगानिस्तान के लोगों के बीच सदियों पुराने मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं और पिछले दो दशकों में हमने अफगानिस्तान के आर्थिक और सामाजिक विकास में काफी योगदान दिया है।

मोदी ने कहा कि 2021 के घटनाक्रम के बाद भी हम मानवीय सहायता भेजते रहे हैं। यह आवश्यक है कि अफगानिस्तान की भूमि पड़ोसी देशों में अस्थिरता फैलाने या चरमपंथी विचारधाराओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयोग न की जाए। 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के बाद वहां की सत्ता पर तालिबान ने कब्जा कर लिया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, वर्तमान समय में वैश्विक स्थिति एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर है। विवादों, तनावों और महामारी से घिरे विश्व में खाद्यान्न, ईंधन और उर्वरक संकट सभी देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें मिलकर यह विचार करना चाहिए कि क्या हम एक संगठन के रूप में हमारे लोगों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने में समर्थ है। क्या हम आधुनिक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है? क्या एससीओ एक ऐसा संगठन बन रहा है जो भविष्य के लिए पूरी तरह से तैयार है? उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) पूरे यूरेशिया क्षेत्र में, शान्ति, समृद्धि और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म के रूप में उभरा है। मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र के साथ, भारत के हजारों वर्ष पुराने सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंध, हमारी साझा विरासत का जीवंत प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि एससीओ के अध्यक्ष के रूप में, भारत ने हमारे बहुआयामी सहयोग को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयास किये हैं।

मोदी ने कहा कि इन सभी प्रयासों को हमने दो मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित किया है। इसमें पहला बसुधैव कुटुम्बकम यानी पूरी धरती हमारा परिवार है और दूसरा सुरक्षा, अर्थव्यवस्था एवं व्यापार, संपर्क, एकता, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और पर्यावरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने एससीओ में सहयोग के पाँच नए स्तंभ बनाए हैं जिसमें स्टार्टअप एवं नवाचार, पारंपरिक औषधि, डिजिटल समावेशिता और युवा सशक्तीकरण, साझी बौद्ध धरोहर शामिल हैं। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में भारत, रूस, चीन, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिजिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। इसे एक महत्वपूर्ण आर्थिक एवं सुरक्षा समूह माना जाता है । भारत ने एससीओ की अध्यक्षता पिछले वर्ष 16 सितंबर को समरकंद शिखर सम्मेलन के दौरान संभाली थी। इस समूह के दो निकाय- सचिवालय और एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी ढांचे (एससीओ रैट्स) के प्रमुख भी मंगलवार को इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। इस शिखर बैठक का मुख्य विषय सुरक्षित एससीओ की ओर (टूवर्ड सिक्योर एससीओ) है।

# महाराष्ट्र : बेकाबू कंटेनर होटल में घुसा, 13 की मौत, 20 घायल

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के धुले जिले में शिरपुर तहसील के पलासनेर गांव के पास मुंबई-आगरा हाईवे पर मंगलवार सुबह एक भीषण हादसा हो गया। ब्रेक फेल होने के बाद बेकाबू एक कंटेनर दो वाहनों को टक्कर मारते हुए एक होटल में घुसकर पलट गया। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 20 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को शिरपुर ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस निरीक्षक हेमंत पाटिल के अनुसार 14 पहिए का



कंटेनर मध्यप्रदेश से महाराष्ट्र की ओर आ रहा था। मंगलवार सुबह लगभग 10.30 बजे मुंबई-आगरा हाईवे पर मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के सीमावर्ती गांव में पलासनेर इलाके में ढलान पर अचानक कंटेनर का ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद बेकाबू कंटेनर दो वाहनों को टक्कर मारते हुए एक होटल में घुस गया। कंटेनर की स्पीड इतनी अधिक थी कि होटल के आगे से घुसा कंटेनर पीछे की दीवार तोडकर निकल गया और वहीं पलट गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई थी, जबकि शिरपुर ग्रामीण अस्पताल में इलाज के दौरान आठ लोगों की मौत हो गई है। शिरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य चलाया। इस घटना की जानकारी मिलते ही धुले जिले के पुलिस अधीक्षक संजय बारकुंड पुलिसबल सहित मौके पर पहुंच गए।

# विश्व की महाशक्ति बनेगा भारत : गडकरी

**एजेंसी। प्रतापगढ़**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जल्द दुनिया में भारत को विश्व की महाशक्ति बनाएगी। यह बात केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में राजस्थान के विभिन्न जिलों में 5 हजार 625 करोड़ की परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश ने विकास के नये आयामों को छुआ है, जिसकी चर्चा विदेशों में भी छाई रहती है। आज भारत विश्व के अग्रणी देशों में है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति उसकी जाति से बड़ा नहीं होता है, उसके गुणों से बड़ा होता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने राजस्थान में भी विकास की गंगा बहाई है।



राजस्थान में करीब 3 लाख करोड़ रुपये का हाइवे बन रहा है। गडकरी ने प्रतापगढ़ मुख्यालय पर करीब 200 करोड़ के बाईपास सहित 5 हजार 625 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कार्यक्रम से वर्चुअली जुडे। उन्होंने विकास कार्यों को लेकर गडकरी का आभार जताया। अपने करीब आधे घंटे के संबोधन के दौरान गडकरी ने गरीबी दूर करने की बात पर कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 75 साल में कांग्रेस ने 60 साल राज किया, देश की गरीबी तो दूर नहीं हुई, केवल कांग्रेसियों की गरीबी दूर हुई है।

### इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास व लोकार्पण

**गडकरी** ने राजस्थान में बुनियादी संरचना के विकास को और तेजी देते हुए प्रतापगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 5 हजार 625 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। गडकरी ने कुल 3 हजार 775 करोड़ रुपये की लागत की और 219 किलोमीटर कुल लम्बाई की 4 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण किया। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर किशनगढ़ से गुलाबपुरा सेक्शन 6-लेन परियोजना से अजमेर तथा भीलवाड़ा जिलों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में गति मिलेगी। गुलाबपुरा से चित्तौड़गढ़ सेक्शन के 6-लेन बनने से भीलवाड़ा तथा चित्तौड़गढ़ जिलों की उदयपुर, जयपुर और कोटा क्षेत्रों की आपसी कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। फतेहनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग 162ए पर 4-लेन आरओबी के निर्माण से रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। सीआरआईएफ के तहत मंडरायल में चंबल नदी पर हाई लेवल ब्रिज के निर्माण का भी लोकार्पण हुआ। इस पुल के बनने से राजस्थान में मंडरायल, करौली तथा मध्य प्रदेश में सबलगढ़ के बीच कनेक्टिविटी बनी रहेगी।

# भारत ने कनाडाई उच्चायुक्त कैमरन मैके को किया तलब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने खालिस्तानी पोस्टरों पर भारतीय राजनयिकों के नाम दिखाने को लेकर भारत में कनाडाई उच्चायुक्त कैमरन मैके को तलब किया। आठ जुलाई को ओटावा में भारतीय उच्चायोग और टोरंटो व वैंकूवर में दो वाणिज्य दूतावासों के बाहर खालिस्तान समर्थक आतंकवादी संगठनों द्वारा प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले चिंता व्यक्त करने के लिए विदेश मंत्रालय ने मैके को सोमवार को तलब किया था। इस बीच, कनाडा ने पोस्टरों के प्रसार के बाद देश में भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। कनाडाई सरकार ने पोस्टरों को अस्वीकार्य बताया है और भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा के लिए कार्रवाई का संकल्प जताया। एक ट्वीट में, कनाडाई विदेश मंत्री मेलानी जॉय ने कहा, कनाडा राजनयिकों की सुरक्षा के संबंध में वियना कन्वेंशन के तहत अपने दायित्वों को बहुत गंभीरता से लेता है। 8 जुलाई विरोध प्रदर्शन की योजना के संबंध में ऑनलाइन प्रसारित कुछ प्रचार सामग्री के मद्देनजर कनाडा भारतीय अधिकारियों के साथ निकट संपर्क में है। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि कुछ लोगों की हरकतें पूरे समुदाय या कनाडा के बारे में नहीं सही नही हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा था कि कनाडा में खालिस्तानी तत्वों द्वारा पोस्टरों पर भारतीय राजनयिकों के नाम दिखाए जाने का मुद्दा कनाडा और अन्य देशों की सरकारों के साथ उठाया जाएगा, क्योंकि इससे संबंधों पर असर पड़ सकता है। जयशंकर ने कहा था, हमने कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे अपने साझेदार देशों से खालिस्तानियों को जगह नहीं देने का अनुरोध किया है।

### बिहार, बंगाल और झारखंड के डीजीपी ने कहा

# क्राइम कंट्रोल के लिए करेंगे मिलकर काम

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक मनोज मालवीय, बिहार के पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी और झारखंड के इनके समकक्ष अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। कोलकाता के भवानी भवन स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय में मीडिया से मुखातिब तीनों वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि बिहार, बंगाल और झारखंड पुलिस मिलकर अपराध नियंत्रण के लिए पहले भी काम करते रहे हैं और आगे और अधिक सक्रियता से करेंगे। बिहार के पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी ने कहा कि अवैध हथियारों की सप्लाई और कारखानों पर हमारी पैनी नजर है। पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में इस प्रकार की खबरें आती रहती हैं। हमलोग उस पर लगाम लगाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में जल्द ही इस पर प्रतिबंध लगेगा।




### आयुष्मान खुराना का पंजाबी-पॉप फ्यूजन नंबर 'रतन कलियां' रिलीज

**बॉलीवुड** स्टार आयुष्मान खुराना ने 'पानी दा रंग' के कंपोजर रोचक कोहली के साथ नए ट्रैक 'रतन कलियां' पर काम किया है। यह एक पंजाबी-पॉप फ्यूजन नंबर है, जिसके बोल गुरप्रीत सैनी और गौतम शर्मा ने लिखे हैं। आयुष्मान की आवाज ट्रैक में एक नया आयाम जोड़ती है। गाने का म्यूजिक वीडियो डार गाई द्वारा निर्देशित किया गया है। गाने के बारे में बात करते हुए, आयुष्मान ने कहा, मुझे उम्मीद है कि यह गाना लोगों के दिलों को छू जाएगा और लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल हो जाएगा। मेरे बचपन के दोस्त रोचक कोहली के साथ काम करना हमेशा खुशी की बात रही है। उन्होंने आगे उल्लेख किया, जब म्यूजिक की बात आती है तो उनका नाम सबसे पहले दिमाग में आता है। वह बेहद भावुक और बहुमुखी हैं। उन्होंने इस कम्पोजीशन में खूब मेहनत की है। मैं हमारी डिस्कोग्राफी में एक और स्पेशल सॉन्ग जोड़ने के लिए एक बार फिर उनके साथ सहयोग करने के लिए रोमांचित हूं।



### 'फैमिली मैन 3' की शूटिंग का इंतजार कर रहे हैं मनोज बाजपेयी



**अभिनेता** मनोज बाजपेयी ने कहा कि वह भी 'फैमिली मैन 3' की शूटिंग शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं और जल्द ही अपने प्रशंसकों को खुशखबरी देंगे। प्राइम वीडियो सीरीज 'द फैमिली मैन' के साथ अपना ओटीटी डेब्यू करने वाले अभिनेता ने हाल ही में एक पुरस्कार समारोह में भाग लिया, जहां उनकी फिल्म 'गुलमोहर' को पुरस्कृत किया गया। अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्मों के बारे में बात की। 'द फैमिली मैन 3' के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह भी शूटिंग शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। जल्द ही फैंस को खुशखबरी देंगे। इसके अलावा वेब सीरीज 'सूप' नेटफ्लिक्स पर आएगी। लेकिन, इसकी रिलीज में अभी समय है। एक्टर की फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफी है' ओटीटी से थिएटर में आने वाली पहली फिल्म बन गई है।

### महाराष्ट्र दलबदल विवाद — ठाकरे धड़ा फिर पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

# निश्चित अवधि में फैसला देने की अपील की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कुछ अन्य विधायकों के खिलाफ एक साल से अधिक समय से लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर राज्य विधानसभा अध्यक्ष को निर्णय लेने का निर्देश देने के लिए मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की। शीर्ष अदालत के समक्ष पार्टी के मुख्य सचेतक सुनील प्रभु ने एक नयी रिट याचिका दायर कर लंबित अयोग्यता की कार्यवाही पर निर्णय लेने में अध्यक्ष पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। इसके साथ ही याचिका में अयोग्यता पर एक निश्चित अवधि और हो सके तो दो सप्ताह के भीतर कोई फैसला करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई है। रिट याचिका में दावा किया गया है कि अयोग्यता की कार्यवाही पर निर्णय लेने में



विधानसभा अध्यक्ष की निष्क्रियता संवैधानिक नजरिए से गंभीर अनुचित कार्य है, क्योंकि इससे अयोग्य ठहराए जाने वाले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री सहित कई विधायकों को विधानसभा और जिम्मेदार पदों पर बने रहने की अनुमति मिल गई है। शिवसेना (यूबीटी) ने अपनी ताजा याचिका में तर्क दिया कि विधानसभा अध्यक्ष ने 23 जून 2022 से लंबित अयोग्यता याचिकाओं के संबंध में कोई बैठक नहीं बुलाई है, जबकि सर्वोच्च संविधान पीठ के 11 मई 2023 के आदेश के बाद उन्हें तीन प्रतिनिधिमंडल भेजे गए थे।

इनमें उन्हें निर्णय एक उचित अवधि के भीतर करने को कहा गया था। याचिका में यह भी कहा गया कि शीर्ष अदालत के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए उचित निर्देश जारी करना संवैधानिक रूप से अनिवार्य है कि दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के प्रावधान केवल अध्यक्ष की निष्क्रियता के कारण निष्प्रभावी न हो जाएं। याचिका में कहा गया है कि महाराष्ट्र विधानसभा के तत्कालीन अध्यक्ष का कार्यभार संभाल रहे उपाध्यक्ष के समक्ष 23 जून 2022 को कुल 16 अयोग्यता याचिकाएं दायर की गईं थीं। इसी के मद्देनजर 25 जून 2022 को उपाध्यक्ष द्वारा नोटिस जारी किए गए, जिसमें बागी विधायकों को 27 जून 2022 तक अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया गया था।

# सलमान खान के होस्ट शो 'बिग बॉस ओटीटी 2' पर बरसी कंगना रनौत

**एक्ट्रेस-फिल्ममेकर** कंगना रनौत ने एक्टर सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 2' पर बिना नाम लिए हमला बोला। कंगना ने इंस्टाग्राम पर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर अभिनीत अपने प्रोडक्शन वेंचर 'टीकू वेड्स शेरू' की सराहना की। उन्होंने लिखा, हम जल्द ही एक करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार कर लेंगे, जो थिएटर के 100 करोड़ दर्शकों के बराबर है, भले ही एक घर में एक टीवी पर कई दर्शक कंटेंट देख रहे हों... यह एक अनुमानित तुलना है। इस पोस्ट को लेकर कई लोगों का मानना है कि कंगना ने 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2' के बारे में लिखा है, जिसमें फलक नाज, अंजलि अरोड़ा, अविनाश सचदेव, पलक पुरस्वानी, पूजा भट्ट, जिया शंकर, बेबिका धुर्वे, जद हदीद, साइरस ब्रोचा, मनीषा रानी और अभिषेक मल्हान जैसे कंटेस्टेंट्स हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो कंगना अपने निर्देशन में बनी फिल्म 'इमरजेंसी' की तैयारी कर रही हैं। उनकी झोली में 'चंद्रमुखी 2', 'तेजस', 'मणिकर्णिकाः द क्वीन ऑफ दिद्दा' और 'सीताः द इनकारनेशन' भी हैं।

